शनिवार, 28 दिसम्बर 2024

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 27 – 17 |
| आर्द्रता | 55% |
| सूर्योदयः 6:15 | सूर्यास्तः 17:01 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ दो और तीन पर

कोलकाता, पौष कृष्णपक्ष त्रयोदशी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जीवन के चक्रव्यूह में हम ही कृष्ण हैं और हम ही अर्जुन हैं।




भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, श्रृंखला 3-0 से जीती–पृष्ठ 6

# राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री समेत कई हस्तियों ने दी मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि

## आज राजकीय सम्मान के साथ निगमबोध घाट पर होगा अंतिम संस्कारः गृह मंत्रालय



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सहित कई प्रमुख नेताओं तथा अन्य हस्तियों ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। तिरंगे में लिपटे पूर्व प्रधानमंत्री के पार्थिव शरीर को उनके आवास '3 मोतीलाल नेहरू मार्ग' पर फूलों से सजे ताबूत में रखा गया, जहां दलगत भावना से ऊपर उठकर नेताओं ने दिवंगत नेता को अंतिम श्रद्धांजलि दी। सिंह की पत्नी गुरशरण कौर और परिवार के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। सिंह का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर शनिवार सुबह पार्टी मुख्यालय में लोगों के अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा और फिर वहीं से सुबह साढ़े नौ बजे उनकी अंतिम यात्रा भी शुरू होगी। राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को उनके आवास पर श्रद्धांजलि अर्पित की। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक कहे जाने वाले पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह 92 साल के थे। मनमोहन सिंह को बृहस्पतिवार की शाम तबीयत बिगड़ने पर दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में भर्ती कराया गया था। उनका पार्थिव शरीर बृहस्पतिवार देर रात एम्स से उनके आवास पर ले जाया गया। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री सिंह के निधन पर शोक प्रस्ताव पारित किया और कहा कि उन्होंने राष्ट्रीय जीवन पर अपनी छाप छोड़ी है और उनके निधन से राष्ट्र ने एक प्रख्यात राजनेता और जानेमाने अर्थशास्त्री को खो दिया है। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह की स्मृति में एक शोक प्रस्ताव पारित किया। मंत्रिमंडल ने दो मिनट का मौन रखकर डॉ0 मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि दी।''

**मनमोहन सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी : रामनाथ कोविंद**

**कोलकाता :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन्होंने ऐसे समय में केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में अर्थव्यवस्था की बागडोर संभाली थी जब देश आर्थिक मोर्चे पर संकट का सामना कर रहा था। कोलकाता में एक कार्यक्रम में कोविंद ने सिंह के निधन को अपनी व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि मनमोहन सिंह विनम्रता के प्रतीक थे। उन्होंने कभी आपत्तिजनक, असंसदीय शब्द नहीं बोला। पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सिंह ने अर्थव्यवस्था को एक नई दिशा दी और देश को एक महत्वपूर्ण मोड़ पर पहुंचाया। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह को आधुनिक निर्माता सुधारक के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने सिंह को विज्ञान और आध्यात्म का एक ऐसा मिलाजुला रूप बताया जिसमें भारत के मूल्य और संस्कार गहरे तक रचे-बसे थे।

### मनमोहन सिंह के निधन पर विश्व भर के नेताओं ने शोक व्यक्त किया

**वाशिंगटन/श्रीलंका :** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और श्रीलंका समेत दुनियाभर के नेताओं ने शोक व्यक्त किया है और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने में उनके योगदान को याद किया है। भारत में आर्थिक सुधारों के जनक मनमोहन सिंह (92) का बृहस्पतिवार रात अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। उनके परिवार में उनकी पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं। अफगानिस्तान, मालदीव, मॉरीशस और नेपाल के नेताओं ने भी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा, ''डॉ. सिंह अमेरिका-भारत रणनीतिक साझेदारी के सबसे बड़े समर्थकों में एक थे और पिछले दो दशकों में हमारे देशों द्वारा मिलकर हासिल की गई अधिकतर उपलब्धियों की उन्होंने नींव रखी थी।''

### मनमोहन सिंह का जीवन आने वाली पीढ़ियों को हमेशा सीख देगा : प्रधानमंत्री मोदी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को राष्ट्र के लिए एक बड़ी क्षति बताया है। उन्होंने सिंह की प्रशंसा करते हुए शुक्रवार को कहा कि साधारण पृष्ठभूमि से आने के बावजूद वह देश के कुछ सबसे महत्वपूर्ण पदों पर पहुंचे। मोदी ने एक प्रतिष्ठित सांसद के रूप में उनकी सराहना करते हुए कहा कि सिंह का जीवन उनकी ईमानदारी और सादगी का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने सुधारों के प्रति सिंह की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि देश के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सिंह का जीवन भविष्य की पीढ़ियों के लिए हमेशा एक सीख के रूप में काम करेगा कि कैसे कोई व्यक्ति अभावों और संघर्षों से ऊपर उठकर सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। पूर्व वित्त मंत्री और दो बार प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार को 92 वर्ष की उम्र में निधन हो गया।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# पंजाब के बठिंडा में बस दुर्घटना में आठ लोगों की मौत, कई घायल

**बठिंडा :** पंजाब के बठिंडा में शुक्रवार को एक निजी बस पुल की रेलिंग से टकराकर कुछ फुट नीचे नाले में गिर गयी जिससे आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बस में 45 से अधिक यात्री सवार थे और यह जीवन सिंहवाला गांव के पास लासारा नाले में गिर गई। उसने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब बस तलवंडी साबो से बठिंडा जा रही थी। स्थानीय लोग यात्रियों की मदद के लिए तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और जिला प्रशासन ने भी



बचाव अभियान चलाया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की एक टीम भी सहायता के लिए मौके पर पहुंच गई। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में मौसम खराब था तथा दुर्घटना के वास्तविक कारण का अभी पता नहीं चल सका है। बचाव अभियान की निगरानी के लिए मौके पर पहुंचे बठिंडा के उपायुक्त शौकत अहमद पर्रे ने कहा कि तुरंत मेडिकल टीम घटनास्थल पर भेजी गयी।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 20 दिसंबर को समाप्त सप्ताह में 8.48 अरब डॉलर घटकर 644.39 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इससे पिछले सप्ताह में, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 1.99 अरब डॉलर घटकर छह महीने के निचले स्तर 652.87 अरब डॉलर पर आ गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में पिछले कुछ हफ्तों से गिरावट आ रही है। इस गिरावट का कारण रुपये में उतार-चढ़ाव को कम करने के लिए आरबीआई का विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप के साथ-साथ मूल्यांकन को माना जा रहा है।

# अब प्राइमरी सेक्शन में भी सेमेस्टर, होगा क्रेडिट प्वाइंट सिस्टम

■ **अगले शैक्षणिक वर्ष से होगा शुरू, प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष ने की घोषणा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नए शैक्षणिक वर्ष में प्राथमिक शिक्षा में बड़े बदलाव किए गए है। अब से प्राइमरी में भी सेमेस्टर सिस्टम लागू कर दिया गया है। युवा छात्रों पर दबाव कम करने और उन्हें पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने के लिए क्रेडिट पॉइंट सिस्टम भी शुरू किया जाएगा। यह बात प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष गौतम पाल ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि पहली से पांचवीं कक्षा तक सेमेस्टर प्रणाली लागू की जाएगी। पहला सेमेस्टर जनवरी से जून तक और दूसरा सेमेस्टर जुलाई से दिसंबर तक होगा। पहली से तीसरी कक्षा तक 'कलम और कागज रहित' यानी किसी भी छात्र-छात्रा को नोटबुक में परीक्षा नहीं देनी होगी। उसका मूल्यांकन इस आधार पर किया जाएगा कि वह पूरे वर्ष कक्षा में क्या करता है। हालांकि, चौथी और पांचवीं कक्षा के छात्रों को परीक्षा देनी होगी। गौतम पाल ने यह भी कहा कि 2009 के शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अनुसार, पांचवीं से आठवीं कक्षा तक 'नो डिटेंशन' नीति है। प्री-प्राइमरी में क्रेडिट फ्रेमवर्क पेश नहीं किया जाएगा। पहली से दूसरी कक्षा के लिए पूरे शैक्षणिक वर्ष में 800 घंटे और तीसरी से पांचवीं कक्षा के लिए पूरे शैक्षणिक वर्ष में 1000 घंटे। कक्षा एक और दो में एक सेमेस्टर में 376 घंटे और कक्षा तीन से पांच तक प्रत्येक सेमेस्टर में 460 घंटे का समय दिया जाएगा। लिखित परीक्षा 60 घंटे की होगी। इसके अलावा, नए साल में छात्रों के लिए 'क्रेडिट स्कोर' भी है। कक्षा एक और कक्षा दो को कुल 376 घंटे की कक्षाओं के लिए 'क्रेडिट स्कोर' दिया जाएगा। अधिकतम 'क्रेडिट स्कोर' 13.5 है। ग्रेड तीन से पांच तक प्रति वर्ष 460 घंटे की कक्षाओं के लिए अधिकतम 'क्रेडिट स्कोर' 16.5 है। नए शैक्षणिक वर्ष में प्रश्न पत्र तैयार करने की जिम्मेदारी स्कूल की नहीं होगी। बोर्ड प्रारंभिक प्रश्न पत्र तैयार करेगा। पूरे राज्य में एक ही प्रश्न पत्र पर परीक्षा आयोजित की जाएगी। हालांकि, खाता सिर्फ स्कूल के शिक्षक ही देखेंगे।


### केंद्र सरकार राजधानी में मनमोहन सिंह का स्मारक बनाएगी : आधिकारिक सूत्र

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का स्मारक बनाने का फैसला किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सरकार ने कांग्रेस पर इस मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। सूत्रों ने बताया कि सरकार ने स्मारक पर लिए गए फैसले से कांग्रेस को अवगत करा दिया है। लेकिन, उन्होंने यह भी कहा कि स्मारक निर्माण के लिए उपयुक्त स्थान ढूंढने में कुछ दिन का समय लगेगा। सरकार के एक सूत्र ने कहा, ''मनमोहन सिंह के सम्मान में स्मारक बनाने के सरकार के फैसले से कांग्रेस को अवगत करा दिया गया है। लेकिन, वे इस मुद्दे पर राजनीति करने में जुट गए हैं।'' कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि मनमोहन सिंह के अंतिम संस्कार और स्मारक के लिए स्थान नहीं ढूंढना देश के पहले सिख प्रधानमंत्री का जानबूझकर किया गया अपमान है।

### रुपया 23 पैसे गिरकर 85.50 प्रति डॉलर के अबतक के सबसे निचले स्तर पर

**मुंबई :** अमेरिकी डॉलर में मजबूती के बीच रुपया शुक्रवार को 23 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 85.50 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान 85.80 के अपने सबसे निचले स्तर पर लुढ़कने के बाद रिजर्व बैंक के संभवत: हस्तक्षेप के सहारे रुपये ने नुकसान की कुछ भरपाई की। विश्लेषकों ने कहा कि महीने के अंत में बैंकों और आयातकों की ओर से डॉलर की मांग आने से रुपये पर दबाव पड़ा। इसके अलावा डॉलर के मजबूत रुख ने भी इसके भाव को गिराने का काम किया। विश्लेषकों के मुताबिक, रिजर्व बैंक द्वारा अल्पकालिक वायदा अनुबंधों में डॉलर भुगतान को रोके रखने से डॉलर की कमी बढ़ गई है। इसकी वजह यह है कि आयातक महीने के अंत में अपने भुगतान दायित्वों को पूरा करने की जल्दबाजी में हैं। इसके अलावा विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण भी रुपये पर दबाव पड़ा।

## स्पेन जा रहे प्रवासियों की नौका डूबी, 70 की मौत



**बमाको :** इस महीने की शुरुआत में स्पेन पहुंचने की कोशिश कर रहे करीब 70 प्रवासियों की नाव डूबने से मौत हो गई थी। माली के एक मंत्री ने यह जानकारी दी। विदेश में रह रहे माली के नागरिकों से संबंधित मंत्रालय के मंत्री मोसा एजी अत्ताहर ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि स्पेन जा रही प्रवासियों की एक नाव 19 दिसंबर को डूब गई। मंत्रालय के अनुसार इस नाव में शुरू में 80 प्रवासी सवार थे, जिनमें से केवल 11 ही जीवित बचे। माली के अधिकारियों ने जीवित बचे लोगों में माली के नौ लोगों की पहचान की है। मंत्री ने कहा, ''दुर्भाग्यवश, नाव डूबने की घटना में जान गंवाने वाले लोगों में 25 युवा मालीवासियों की औपचारिक रूप से पहचान कर ली गई है।'' पश्चिमी अफ्रीका से कैनरी द्वीप तक प्रवासियों के लिए अटलांटिक मार्ग दुनिया के सबसे खतरनाक मार्गों में से एक है।

## पार्क स्ट्रीट से एक और बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बनाने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस की टीम ने गुरुवार की देर रात पार्क स्ट्रीट के मार्क्विस स्ट्रीट इलाके से एक और बांग्लादेशी घुसपैठिए को गिरफ्तार किया। अभियुक्त का नाम मो. अबीउर रहमान (37) है। वह बांग्लादेश के नाराइल जिले के नूतनगंज का रहने वाला है। पुलिस ने शुक्रवार को एक बयान में यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपित रहमान बिना वैध दस्तावेज के भारत में दाखिल हुआ था। उस पर आरोप है कि भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के बाद उसने फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड और अन्य दस्तावेज तैयार किए। पुलिस का कहना है कि वह इन फर्जी दस्तावेजों का उपयोग विभिन्न धोखाधड़ी और आपराधिक गतिविधियों के लिए करता था। कोलकाता पुलिस को शक है कि मो. अबीउर रहमान का संबंध फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले किसी बड़े गिरोह से हो सकता है। पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि उसने भारत में कितने फर्जी दस्तावेज बनाए और उनका उपयोग किन-किन अपराधों में किया गया। इस मामले में लालबाजार पुलिस मुख्यालय ने आरोपित को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

## जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किये गये

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर में शुक्रवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर चार मापी गई। उन्होंने बताया कि भूकंप के झटके रात नौ बजकर छह मिनट पर उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में महसूस किये गये। उन्होंने बताया कि भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। उन्होंने बताया कि भूकंप से किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### लगातार दूसरे वर्ष भारतीयों को 10 लाख से अधिक अनिवासी वीजा जारी किए गए : अमेरिकी दूतावास

**नयी दिल्ली :** भारत में अमेरिकी दूतावास ने शुक्रवार को कहा कि उसने लगातार दूसरे वर्ष दस लाख से अधिक अनिवासी वीजा जारी किए हैं, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में आगंतुक वीजा भी शामिल हैं, जो अमेरिका की यात्रा के लिए भारतीयों की भारी मांग को रेखांकित करता है। वाशिंगटन 2025 में अमेरिका में एच-1बी वीजा के नवीनीकरण के लिए औपचारिक रूप से एक अमेरिकी केंद्र स्थापित करने की दिशा में भी काम कर रहा है, जिससे बड़ी संख्या में भारतीयों को लाभ मिलने की उम्मीद है। दूतावास ने कहा कि पिछले चार वर्षों में भारत से आने वाले पर्यटकों की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है और 2024 के पहले 11 महीनों में 20 से अधिक भारतीयों ने अमेरिका की यात्रा की, जो 2023 की इसी अवधि की तुलना में 26 प्रतिशत अधिक है। दूतावास ने कहा कि 50 लाख से अधिक भारतीयों के पास पहले से ही अमेरिका जाने के लिए अनिवासी वीजा है तथा मिशन प्रत्येक दिन हजारों और वीजा जारी करता है। दूतावास ने एक बयान में कहा, भारत में अमेरिकी मिशन ने लगातार दूसरे वर्ष दस लाख से अधिक अनिवासी वीजा जारी किए, जिनमें रिकॉर्ड संख्या में आगंतुक वीजा भी शामिल हैं, जो पर्यटन, व्यवसाय और शिक्षा के लिए अमेरिका की यात्रा करने वाले भारतीयों की भारी मांग को रेखांकित करता है। दूतावास ने बताया कि विदेश विभाग ने इस वर्ष अमेरिकी राज्यों में एच-1बी वीजा के नवीनीकरण के लिए एक सफल प्रायोगिक कार्यक्रम पूरा किया। इससे भारत के कई विशिष्ट पेशेवर कामगारों को अमेरिका छोड़े बिना ही अपने वीजा का नवीनीकरण कराने की सुविधा मिल गई।

## कर्नाटक उच्च न्यायालय का ट्रांसजेंडरों के लिए संशोधित जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निर्देश



**बेंगलुरु :** कर्नाटक उच्च न्यायालय ने जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार को लैंगिक पहचान बदलवाने वाले ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को संशोधित प्रमाणपत्र जारी करने का निर्देश दिया है। इन प्रमाणपत्रों में व्यक्तियों के पिछले और संशोधित नाम व लिंग दोनों का उल्लेख होना चाहिए। अदालत ने कहा कि यह निर्देश तब तक प्रभावी रहेगा जब तक कि जन्म और मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में आवश्यक संशोधन नहीं हो जाते। अदालत के अनुसार फिलहाल मूल जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र पर लिंग में बदलाव की अनुमति नहीं है। अदालत ने कर्नाटक विधि आयोग और राज्य सरकार से ट्रांसजेंडर व्यक्तियों (अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम, 2019 की समीक्षा करने और 2019 अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप 1969 के अधिनियम और इसके नियमों में संशोधन का प्रस्ताव करने का भी आग्रह किया। न्यायमूर्ति सूरज गोविंदराज ने ये निर्देश अपने लिंग की सर्जरी कराने वाली 34 वर्षीय ट्रांसजेंडर महिला की याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किए, जिसने अपने जन्म प्रमाण पत्र पर नाम व लिंग की जानकारी अद्यतन करने का अनुरोध किया था।

# अंतरिक्ष में प्रयोग करेंगे स्टार्ट-अप और निजी संस्थान

**नयी दिल्ली :** सोमवार को दो उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के बाद कुछ समय कक्षा में रहने वाले पीएसएलवी रॉकेट का चौथा चरण स्टार्ट-अप और निजी संस्थानों को बाहरी अंतरिक्ष में प्रयोग करने का अवसर देगा। भारत का अंतरिक्ष नियामक इन परियोजनाओं को वास्तविकता में बदलने में एक साझा कड़ी के रूप में उभर रहा है। पीएसएलवी कक्षीय प्रयोग मॉड्यूल (पीओईएम) अंतरिक्ष में विभिन्न प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन करने के लिए 24 प्रयोग करेगा। इनमें 14 प्रयोग भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की विभिन्न प्रयोगशालाओं से और प्रयोग 10 निजी विश्वविद्यालयों तथा 'स्टार्ट-अप' से संबंधित हैं। स्टार्ट-अप और निजी



विश्वविद्यालयों के उपकरणों के बीच एक साझा कड़ी भारत का अंतरिक्ष नियामक एवं प्रवर्तक भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन एवं प्राधिकरण केंद्र (इन-स्पेस) के अहमदाबाद मुख्यालय में स्थित तकनीकी केंद्र है। इन-स्पेस के निदेशक राजीव ज्योति ने पीटीआई-भाषा से कहा, ''हम उन्हें परीक्षण सुविधाओं के साथ-साथ किसी भी समस्या के समाधान के लिए सलाहकारों की मदद सहित सभी सहायता देते हैं।'' बाहरी अंतरिक्ष में बीज के अंकुरण का प्रदर्शन, वहां मौजूद मलबे को पकड़ने के लिए एक रोबोटिक हाथ और हरित प्रणोदन प्रणाली का परीक्षण इसरो के पीएसएलवी रॉकेट के चौथे चरण 'पीओईएम-4' से संबंधित नियोजित कुछ प्रयोग हैं। इसरो ने विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) द्वारा विकसित कक्षीय पादप अध्ययन के लिए कॉम्पैक्ट अनुसंधान मॉड्यूल (क्रॉप्स) के हिस्से के रूप में सक्रिय ताप नियंत्रण के साथ बंद बॉक्स जैसे वातावरण में बीज के अंकुरण और पौधे के पोषण से लेकर दो पत्ती वाले चरण तक लोबिया के आठ बीज उगाने की योजना बनाई है। एमिटी विश्वविद्यालय, मुंबई द्वारा विकसित एमिटी अंतरिक्ष पादप प्रयोग मॉड्यूल (एपीईएमएस) के तहत सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण वातावरण में पालक के विकास का अध्ययन करने की योजना है। वीएसएससी द्वारा विकसित 'डेब्रिस कैप्चर रोबोटिक मैनिपुलेटर' अंतरिक्ष वातावरण में 'रोबोटिक मैनिपुलेटर' से बंधे हुए मलबे को पकड़ने का प्रदर्शन करेगा।

**शीतकालीन मिष्ठान्न**
घेवर, सूतफेनी, गाजर हलवा, माठी, पिन्नी, गुलाब जामुन (गरम), ड्राईफ्रुट लड्डु, गजक, गुड़ संदेश-गुड़ रसगुल्ला, गुड़ कलाकन्द, रेवड़ी, काजू-पिस्ता रोल, काजू अंजीर बर्फी एवं मिष्ठान्न
**तिवारी ब्रदर्स मिठाई शॉप**
78/12, ब्लॉक-ई, न्यु अलीपुर : 8981026905/9007085111, 033-35928658
तिवारी ब्रदर्स, बड़ाबाजार : 6291225670, 8981026906 / 033-22688913
तिवारी स्वीट्स, कॉटन स्ट्रीट : 8981026911 / 6291183199
तिवारी कन्फेक्सनर्स : मिन्टो पार्क : 033-22871161/ 5613, 8276829752
काकुड़गाछी : 033-23558373 / 74, 9038488211

## व्यावहारिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ें

यह सुखद ही है कि जिन अटल बिहारी वाजपेयी के प्रधानमंत्री काल में बढ़ते जल संकट के समाधान के रूप में मेगा नदी जोड़ परियोजनाओं की कल्पना की गई थी, उनकी जन्मशती के अवसर पर उस सपने को साकार करने का सार्थक प्रयास शुरू हुआ है। लेकिन यह विडंबना ही है कि इस तरह की पहली परियोजना केन–बेतवा–लिंक परियोजना को सिरे चढ़ाने की दिशा में शुरुआत करने में चार दशक लग गए। निस्संदेह, यह एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, लेकिन विलंब से काम शुरू होने से इसकी लागत में भी अच्छा–खासा इजाफा हो चुका है। निस्संदेह, ऐसे देश में जहां विश्व की अट्ठारह फीसदी आबादी रहती हो और दुनिया का सिर्फ चार फीसदी पीने का पानी उपलब्ध हो, भविष्य के जलसंकट का सहज अनुमान लगाया जा सकता है। शिलान्यास कार्यक्रम के वक्त प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी कि जल सुरक्षा 21वीं सदी की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है, नदी जोड़ परियोजना के प्रति सरकार के दृढ़ संकल्प की ओर संकेत देती है। निर्विवाद रूप से जलाशयों और नहरों के माध्यम से पानी के अधिशेष को जल संकट वाले इलाके की नदियों को स्थानांतरित करना, निश्चय ही सूखे की मार झेल रहे इलाकों का भाग्य बदलने जैसा ही है। लेकिन यह भी जरूरी है कि पर्यावरणीय जोखिमों का वैज्ञानिक ढंग से आकलन किया जाए। पर्यावरण वैज्ञानिक व पर्यावरण संरक्षण से जुड़े स्वयंसेवी संगठन प्रकृति के साथ खिलवाड़ की चिंताएं लगातार जताते रहते हैं। उनका मानना रहा है कि नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बाधा पहुंचने से पारिस्थितिकीय संतुलन प्रभावित हो सकता है। निस्संदेह, पर्यावरणीय संतुलन जरूरी है लेकिन जल संकट का समाधान निकालना भी उतना ही जरूरी है। दरअसल, राष्ट्रीय जल विकास एजेंसी ने 168 बिलियन डॉलर के प्रस्तावित बजट वाली हिमालयी और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिये तीस लिंक परियोजनाओं की पहचान की है। निश्चित रूप से पानी के समुचित वितरण, बाढ़ नियंत्रण, सूखे से मुकाबले और जलविद्युत उत्पादन में अधिक समानता के लिये ऐसी परियोजना की तार्किकता साबित होती है।

इसके बावजूद पर्यावरणीय चुनौतियों पर ध्यान देने की भी सख्त जरूरत है। शोध अध्ययनों में दावा किया गया है कि हाइड्रो–लिंकिंग परियोजनाएं मानसून के चक्र में बदलाव ला सकती हैं। साथ ही परेशानी करने वाली जटिल जल–मौसम विज्ञान प्रणालियां विकसित हो सकती हैं। ऐसे में संभावित पारिस्थितिकीय क्षति की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा सकता। निस्संदेह, इस दिशा में आगे चलकर व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाना जरूरी हो जाता है। परियोजनाओं को क्रियान्वित करने वाले नीति–नियंताओं को फिर से परियोजना को तैयार करने पर संभवित प्रतिक्रिया का विश्–लेषण करने के लिये तैयार रहना चाहिए। केन–बेतवा परियोजना के जरिये जटिल पर्यावरणीय पैटर्न का समाधान प्रदान करने के लिये विज्ञान सम्मत पहल होनी चाहिए। इसके लाभ व हानि के पक्ष का मंथन भी जरूरी है। यह विडंबना ही है कि आज भी जल संरक्षण के लिये सामूहिक पहल सार्वजनिक नीति में एक गायब कड़ी बनी हुई है। ऐसे में बड़े पैमाने पर बड़ी परियोजनाओं को प्राथमिकता देने के साथ–साथ,सरकार को कुशल सिंचाई परियोजनाओं, अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और प्रदूषित पानी की स्वच्छता के लिये सस्ती प्रौद्योगिकियों के विकास पर अनुसंधान में तेजी लाने की जरूरत है। साथ ही पर्याप्त वित्तीय समर्थन की भी जरूरत है। बताया जा रहा है कि केन–बेतवा योजना के सिरे चढ़ने से मध्य प्रदेश की आठ लाख हेक्टेयर से अधिक व उत्तर प्रदेश की ढाई लाख हेक्टेयर भूमि को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। जल शक्ति मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार करीब बासठ लाख लोगों को पेयजल की अनवरत आपूर्ति हो सकेगी। इसके अलावा जलविद्युत परियोजना के जरिये 103 मेगावाट बिजली तथा 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन प्रस्तावित है। निस्संदेह, यदि केन–बेतवा जैसी महत्वाकांक्षी योजना सिरे चढ़ती है तो अन्य नदी जोड़ परियोजनाओं के लिये भी नई जमीन तैयार हो सकेगी। इससे पहले कुछ दिन पूर्व जयपुर में पार्वती–काली सिंध व चंबल नदी लिंक परियोजना के लिये त्रिपक्षीय समझौते के सिरे चढ़ने को इस कड़ी का विस्तार कहा जा सकता है। भविष्य में जल संकट से निबटने में ये परियोजनाएं महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 28 दिसम्बर, शनिवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, पौष कृष्णपक्ष त्रयोदशी, 27:30 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 22:02 तक, योग : शुला, 22:16 तक, सूर्योदय: 6:15, सूर्यास्त: 17:01 चन्द्रोदय : 03:46, चन्द्रास्त: 14:36, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : धनु, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 08:58 से 10:18

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे, जो आपको परेशान करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों को कामों पर पूरा ध्यान देना होगा।

**वृष :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आपके अंदर प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए किसी धार्मिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने के लिए रहेगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**कर्क :** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो उसके भी आपको मिलने की संभावना है।

**सिंह :** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। कुछ नए संपर्कों से आपको लाभ मिलेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहने से आपका मन प्रसन्न रहेगा। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी।

**कन्या :** आज का दिन आपके लिए झगड़े व झंझटों से दूर रहने के लिए रहेगा। किसी सरकारी काम में आप सोच समझ कर ही आगे बढ़े। आपको अपने खर्चों का भी लेखा–जोखा रखना होगा।

**तुला :** आज का दिन सोच समझ कर आगे बढ़ने के लिए रहेगा। युवाओं को कुछ बेहतर अवसर हाथ लगेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर यदि कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी।

**वृश्चिक :** आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको धन को लेकर यदि कोई समस्या थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी।

**धनु :** आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती भरा रहने वाला है। आपको किसी सरकारी काम में इन्वेस्टमेंट करना अच्छा रहेगा। बिजनेस में आपको कोई बड़ा टेंडर मिल सकता है।

**मकर :** आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आपको किसी वाद–विवाद से दूर रहने की आवश्यकता है। आपके पड़ोस में किसी सदस्य से आपकी कहा सुनी हो सकती है।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए भाग दौड़ भरा रहने वाला है। आपको अपने कामों को लेकर टेंशन रहेगी। बिजनेस की कोई डील के फाइनल होने में भी समस्या आएगी।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए उन्नति दिलाने वाला रहेगा। राजनीति में कार्यरत लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे, उनके कुछ नए मित्र बनेंगे। कोई बात बहुत ही सोच समझ कर बोलनी होगी।

# राजभवन के पुलिस कर्मी शांति दास को मिला 'लापता' पति, गुरुवार को हुआ था गायब

**कोलकाता, समाज्ञा :** राजभवन की महिला पुलिस पदाधिकारी शांति दास बसाक के पति मिल गया है ।गुरुवार से दीपांजन का पता नहीं चल रहा था। शांति ने हावड़ा के पेनरो पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने जांच शुरू की और आखिरकार उसे ढूंढ लिया। पुलिस हलके में शांति दास बसाक की काफी प्रतिष्ठा है। उन्होंने राज्य खुफिया विभाग सीआईडी में



भी जिम्मेदारी संभाली। वह मानवाधिकार आयोग से भी जुड़े रहे। अब उनकी ड्यूटी राजभवन में है। शांति दास वहां सुरक्षा के प्रभारी हैं। अधिकारी के पति दीपांजन बसाक अभिनय जगत से जुड़े हुए हैं। शांति के मुताबिक दीपांजन गुरुवार को हावड़ा जाने के लिए घर से निकले थे। इसके बाद से उसका पता नहीं चल सका। कई बार फोन करने पर भी वह नहीं मिला। पूरी रात घर नहीं लौटने पर शांति ने शुक्रवार की सुबह स्थानीय थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। अधिकारी के अनुसार पिछले कुछ दिनों से उनमें बदलाव देख रहे है। हर बात में अनिच्छा थी। वह परेशान बैठा रहता था। उसके लापता होने की सूचना प्रशासनिक स्तर पर दी गई थी। राजभवन को भी सूचना दे दी गयी है। शांति ने अपने पति के लापता होने की खबर सोशल मीडिया पर तस्वीरों के साथ पोस्ट भी की। शांति दास बसाक ने बताया कि दीपांजन स्वस्थ और सुरक्षित पाए गए। अब वे ठीक हैं। उन्हें भी राहत महसूस हो रही है।

## पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल ने 7 दिसंबर 2024 से शुरू होने वाले व्यापक 100 दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान की शुरुआत की है। जिसका उद्देश्य क्षेत्र से तपेदिक (टीबी) रोग को मिटाना है। इस अभियान में जागरूकता बढ़ाने, जनता को शिक्षित करने और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए तैयार की गई विभिन्न गतिविधियां शामिल हैं। क्षय रोग (टीबी) एक संक्रामक रोग है, जो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है।




यह मुख्य रूप से फेफड़ों को प्रभावित करता है, साथ ही शरीर के अन्य भागों को भी प्रभावित कर सकता है। इसके सामान्य लक्षणों में लगातार खांसी, बुखार, रात में पसीना आना और वजन कम होना शामिल हैं। अभियान के शुभारंभ के बाद से, टीबी के बारे में जानकारी प्रसारित करने के लिए कई प्रभावशाली उपाय लागू किए गए हैं। यात्रियों और निवासियों को टीबी की रोकथाम और उपचार के बारे में जानकारी देने और शिक्षित करने के लिए रेलवे परिसरों और कॉलोनियों में ऑडियो घोषणाएं लगातार प्रसारित की गई हैं। टीबी के लक्षणों, रोकथाम के तरीकों और रोग के आरंभ में ही इसके निदान के महत्त्व को उजागर करने वाली आकर्षक वीडियो सामग्री प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर प्रदर्शित की गई है। इसके अतिरिक्त, लोगों का ध्यान आकर्षित करने और टीबी के बारे में महत्त्वपूर्ण संदेश देने के लिए आसनसोल में मंडल रेलवे अस्पताल और डीआरएम कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर यथाअपेक्षित बैनर रणनीतिक रूप से लगाए गए हैं। सूचना, शिक्षा और संचार (आईईसी) सामग्री के वितरण ने यह सुनिश्चित किया है कि यात्रियों और रेलवे कर्मचारियों को टीबी से संबंधित आवश्यक जानकारी तक पहुंच हो।

## पूर्व रेलवे ने 01 जनवरी 2025 से लागू होने वाला नया टाइम टेबल किया जारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने अपने ट्रेन टाइम टेबल में महत्वपूर्ण बदलावों की घोषणा की है, जो 01 जनवरी 2025 से प्रभावी होंगे। यह संशोधित टाइम टेबल मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की गति में वृद्धि और समय–सारणी में सुधार के साथ यात्री सेवा में सुधार लाएगा। इस बदलाव का उद्देश्य यात्रियों को तेज और सुविध–ाजनक यात्रा प्रदान करना है। इस बदलाव का प्रमुख कारण पूरे वर्ष में किए गए सघन रखरखाव कार्य और विभिन्न सेक्शनों में तीसरी और चौथी लाइन की कमीशनिंग है, जिससे रेल यात्रा में गति और समय की बचत होगी। नए टाइम टेबल में मेल/एक्सप्रेस, पैसेंजर और लोकल ट्रेनों के समय में बदलाव, नई ट्रेनों की शुरुआत, मार्ग में परिवर्तन, समय में संशोधन, ट्रेनों की आवृत्ति में वृद्धि और ट्रेनों के नए नंबर शामिल हैं। इसमें विशेष रूप से कृष्णनगर–राणाघाट लोकल ट्रेन की शुरुआत की गई है, जबकि हावड़ा–सिंगुर लोकल की दो ट्रेनें (एक तारकेश्वर तक और दूसरी हरिपाल तक) बढ़ाई गई हैं, जो उपनगर क्षेत्र के यात्रियों की आवश्यकताओं को पूरा करेंगी। इस नए टाइम टेबल के तहत 42 महत्व–पूर्ण मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। इसके अलावा, 63 मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की गति बढ़ाई गई है, जिससे यात्रा समय 5 से 55 मिनट तक कम हो गया है। साथ ही, 8 पैसेंजर ट्रेनों की गति बढ़ाकर यात्रा समय में 6 से 20 मिनट की कमी की गई है। नए टाइम टेबल में 86 पैसेंजर ट्रेनों, 44 डेमू पैसेंजर ट्रेनों और 146 मेमू पैसेंजर ट्रेनों का नया नंबर निर्धारित किया गया है।

## इंडिगो ने कोलकाता से फुकेत के लिए दैनिक उड़ान सेवा की शुरू



**कोलकाता, समाज्ञा :** थाइलैंड घूमने जाने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। प्रमुख निजी विमान कंपनी इंडिगो ने कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से थाईलैंड के खूबसूरत शहर व प्रमुख पर्यटक स्थल फुकेत के लिए अपनी दैनिक उड़ान सेवा शुरू की है। शुक्रवार को कोलकाता एयरपोर्ट प्रबंधन ने एक्स पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी। कोलकाता एयरपोर्ट के प्रवक्ता ने बताया कि यह विमान सेवा भारत और दक्षिण पूर्व एशिया के बीच यात्रा की बढ़ती मांग को पूरा करेगी। कोलकाता से फुकेत के बीच दैनिक विमान सेवा शुरू करने के लिए एयरपोर्ट अथारिटी ऑफ इंडिया (एएआई) ने इंडिगो की सराहना करते हुए अपना पूरा समर्थन देने का वादा किया है।

## धर्म, संस्कृति और देश की रक्षा करना नैतिक दायित्व : स्वामी गिरिशानंद महाराज

**कोलकाता, समाज्ञा :** जो किसी भय, लोभ व आशा से बात मानता है, वह हितकर नहीं हो सकता। भगवान शंकर, पार्वती से कहते हैं, यदि मंत्री, चिकित्सक और गुरु किसी भय, लोभ और आशा से अनुकूल बात बोलें तो राजा का राज्य नष्ट हो जाता है, मरीज का स्वास्थ्य बिगड़ जाता है और शिष्य का कल्याण नहीं होता। प्रारब्ध से दुख आता है, व्यक्ति का भरोसा भगवान से उठ जाता है, जबकि कृपा से दुख आता है तो वह परमात्मा की ओर बढ़ जाता है। सनातन धर्म को प्रभु ने बनाया है। मुगल बादशाहों और अंग्रेजी सत्ता ने सनातन धर्म को मिटाने का प्रयास किया पर मिटा नहीं, आगे भी मिटेगा नहीं। भगवान राम ने विभीषण को अपनी शरणागति देते हुए कहा, जो मेरे पास छल – कपट रहित होकर और समर्पित भाव से आता है, उसे मैं अपने प्राण के समान रक्षा करता हूं। भगवान राम जिसको एक बार अपना लेते हैं, स्वीकार कर लेते हैं, उसके दोष को भी अनदेखा कर देते हैं। रोटी राम बाबा कहते थे, ठाकुर के पास भक्तों के लिए जीवन बीमा होता है। जीवन को सुधारना है तो किसी संत–महात्मा से जुड़ जाओ। भक्ति आने




पर कुछ गलती हो जाने पर भगवान उसे सुधार देते हैं। हम बच्चों के लिए पक्षपात करते हैं तो भगवान भी अपने भक्तों के लिए पक्षपात करते हैं। जीवन का उद्देश्य है परमात्मा की प्राप्ति। परमात्मा का होकर तो देखो। विभीषण के जीवन को देखो, क्षण भर हुए आए राम के पास। भगवान राम उसे समुद्र के जल से तिलक कर लंकेश बना देते हैं। हमारा सनातन धर्म ईश्वरीय धर्म है। सनातन धर्म में अहिंसा की बात है, पर हमारे देश, संस्कृति और धर्म पर जो प्रहार करता है तो सुरक्षा के लिए हिंसा या संहार का रास्ता चुनना पड़े तो उसे चुनो, मृत्यु से डरो नहीं। धर्म,संस्कृति और देश की सुरक्षा के लिए हिंसा अथवा युद्ध करना पड़े तो अवश्य करना चाहिए। यह हमारा दायित्व है। यह भगवान राम के जीवन का सिद्धांत है। ये बातें महाराजा अग्रसेन धाम के तत्वावधान में श्रीराम कथा पर प्रवचन करते स्वामी गिरिशानंद सरस्वती महाराज ने डिवनिटी पवेलियन सभागार (श्रीभूमि, लेकटाउन) में कही।

कथा के प्रारम्भिक सत्र में बौद्धिक प्रस्तुत करते हुए स्वामी डॉ. मुक्तानन्द सरस्वती ने कहा कि धर्म–कथा का लाभ जीवन में उतारो। हम जहां सुख ढूंढते हैं, वहां सुख है नहीं, और जहां ढूंढते नहीं, वहां सुख ही सुख है। धन–सम्पत्ति, परिवार, संचय में सुख नहीं है। सुख है वहां, जहां प्रभु शरण है। प्रभु शरण में किसी के लिए भी असुरक्षा नहीं है। सबकी शरणागति है।

इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान ओम–सुमन जालान व दैनिक यजमान निर्मला–शंकरलाल अग्रवाल ने व्यासपीठ का पूजन किया। मुख्यमंत्री के प्रमुख सलाहकार बी.पी गोपालिका, चौधरीवास के महंत पवन भाईजी जोशी, सीमा सुरक्षा बल के पूर्वी क्षेत्र के डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार राय, सजन बंसल, मुरारीलाल दीवान, श्याम सुंदर अग्रवाल, अनिल केडिया, विष्णु फोगला, सत्यनारायण देवरालिया, निरंजन लाल अग्रवाल, बिरमप्रकाश सुल्तानिया, रमेश सोंथलिया, राजकुमार अग्रवाल, महावीर सांवरिया, गोपाल नरेड़ी, पवन माधोगड़िया, जगमोहन बागला, आनन्द गुप्ता, सतीश झुनझुनवाला, मनीष सतनालीवाला, सुभाष मुरारका, गोवर्धन दास अग्रवाल, मनोज बगड़िया, सांवरमल अग्रवाल, मनीष जाजोदिया, विनोद केडिया, प्रमोद ड्रोलिया, विद्यासागर मंत्री, दीपू शर्मा, प्रभात पंसारी व अन्य गणमान्य लोगों ने व्यासपीठ से आशीर्वाद लिया। संस्था के मंत्री निर्मल सराफ, सह मंत्री अशोक चूड़ीवाल, सरिता सराफ, निर्मला अग्रवाल, ममता केडिया, बीना चूड़ीवाल सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय थे। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार प्रकाश चंडालिया ने किया।

## मेट्रो स्टाफ ने एक असहाय यात्री की मदद की

**कोलकाता, समाज्ञा :** शुक्रवार को लगभग 11:45 बजे, ऑन–ड्यूटी आरपीएफ और स्टेशन स्टाफ ने साल्ट लेक सेक्टर फाइव स्टेशन पर मेट्रो के अंदर लगभग 19 साल की उम्र के एक यात्री को अस्वस्थ महसूस करते हुए पाया। उसकी हालत देखकर वे उसकी मदद के लिए दौड़ पड़े। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उसे स्टेशन मास्टर कार्यालय लाया गया और प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में, उन्हें आरपीएफ और स्टेशन स्टाफ के नेतृत्व में लगभग 12.07 बजे सेबा अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस बीच, स्टेशन स्टाफ ने आईडी कार्ड पर मिले मोबाइल नंबर पर उनके कार्यालय के सहयोगियों और चाचा से संपर्क किया और उन्हें उनकी स्थिति से अवगत कराया गया। कुछ देर बाद उसके चाचा अस्पताल आए और उसे अपने कब्जे में ले लिया। यात्री का सारा सामान उसे सौंप दिया गया। उन्होंने इस सहयोग और मदद के लिए मेट्रो रेलवे अधिकारियों को धन्यवाद दिया।

## वीवो ने वाई 29 5जी– स्टाइल और स्टेबिलिटी का आइडियल कॉम्बिनेशन किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** वीवो ने अपनी वाई सीरीज में एक और शानदार स्मार्टफोन वीवो वाई 29 लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन अपने स्लीक, स्ट्रीमलाइन्ड बॉडी और डायनामिक लाइटिंग इफेक्ट के साथ नेक्स्ट–लेवल डिजाइन पेश करता है जो इसकी मजबूती में चार चांद लगा देता है। तीन शानदार रंगों – ग्लेशियर ब्लू, टाइटेनियम गोल्ड और डायमंड ब्लैक में उपलब्ध, वीवो वाई 29 5जी में 5500एमएएच की बैटरी और 44डबल्यू का फ्लैशचार्ज है। वाई29, 20 हजार रुपये से कम कीमत वाले सेगमेंट में वीवो का पहला स्मार्टफोन है, जिसे एसजीएस सर्टिफिकेशन और मिलिट्री–ग्रेड ड्यूरेबिलिटी दोनों हासिल है। मिलिट्री ग्रेड शॉक रेजिस्टेंस के अलावा, यह स्मार्टफोन आईपी64 रेटिंग और एसजीएस सर्टिफिकेशन के साथ भी आता है, जो इसे और भी ज्यादा स्ट्रोंग और फ्लेक्सिबल बनाता है। एआई फोटो एन्हांस और एआई इरेज के साथ 50 एमपी का रियर कैमरा अलग–अलग लाइटिंग एंगल्स में डिटेल्ड और शार्प इमेज प्रदान करता है, जो यूजर्स के लिए एक प्रोफेशनल –ग्रेड फोटोग्राफी एक्सपीरियंस सुनिश्चित करता है।

## यूटीआई वैल्यू फंड जो पूरे मार्केट कैप में अवसरों की करता है तलाश

**कोलकाता, समाज्ञा :** वित्तीय विशेषज्ञों ने अक्सर यह सिफारिश की है कि निवेशकों को ऐसे फंड में निवेश करना चाहिए जो लगभग पूरे बाजार स्पेक्ट्रम को कवर करते हों, दूसरे शब्दों में, अच्छी तरह से विविधतापूर्ण फंड। लोग लार्ज–कैप फंड की ओर आकर्षित होते हैं क्योंकि वे ऑप्टिकली मार्केट कैपिटलाइजेशन के 80–85% तक को कवर करते हैं। हालांकि लार्ज कैप व्यापक बाजारों/सूचकांकों का प्रतिनिधित्व करते हैं, लेकिन निवेशकों को यह पहचानना चाहिए कि ये फंड हमेशा स्पेक्ट्रम में अवसरों को प्रतिबिंबित या कैप्चर नहीं करते हैं। यूटीआई वैल्यू फंड वर्ष 2005 में लॉन्च किया गया था। इस फंड का एयूएम 1.5 करोड़ रुपये से अधिक है। 30 नवंबर 2024 तक फंड का कुल निवेश 10,150 करोड़ रुपये होगा। 30 नवंबर 2024 तक फंड का लगभग 65% हिस्सा लार्ज कैप में और शेष मिड और स्मॉल कैप में निवेश किया गया है।

## बोनी कपूर ने यूजेनिक्स हेयर साइंसेज इवेंट में हेयर रिस्टोरेशन यात्रा का किया खुलासा

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख हेयर रिस्टोरेशन क्लिनिक, यूजेनिक्स हेयर साइंसेज ने जेडब्ल्यू मैरियट, जुहू में एक विशेष इवेंट का आयोजन किया। जिसमें बॉलीवुड के दिग्गज बोनी कपूर, डॉ. प्रदीप सेठी, और डॉ. अरिका बंसल ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस भव्य अवसर पर उन्नत हेयर रिस्टोरेशन तकनीकों की परिवर्तनकारी शक्ति का उत्सव मनाया गया, और बोनी कपूर ने अपनी अद्वितीय हेयर ट्रांसप्लांट यात्रा साझा की। बोनी कपूर ने यूजेनिक्स के साथ अपने अनुभव के बारे में खुलकर कहा, इस हेयर ट्रांसप्लांट ने मेरी उपस्थिति को नया जीवन दिया और मेरे आत्मविश्वास को पुनः जागृत किया। 2010 में, अपनी स्थापना के बाद से, यूजेनिक्स हेयर साइंसेज ने 30 से अधिक देशों के 16 हजार से अधिक मरीजों का इलाज किया है और अपने क्षेत्र में एक विश्वसनीय नाम बना लिया है। क्रिकेटर्स मोहम्मद शमी, मोहम्मद अजहरुद्दीन और माइकल बेवन जैसे प्रसिद्ध खेल हस्तियों को उपचार देने के बाद, यूजेनिक्स आज उन लोगों का पसंदीदा स्थान बन चुका है जो उच्चतम गुणवत्ता वाले हेयर रिस्टोरेशन की तलाश में हैं।

## ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए एक जोड़ी नैहाटी–बैंडेल लोकल 28 दिसंबर को रहेगी रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** नैहाटी–बंडेल सेक्शन में ट्रैक का रखरखाव कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 28 दिसंबर/29 दिसंबर की बीच की रात को किया जाएगा। इस कारण, 37557/37558 नैहाटी–बंडेल–नैहाटी लोकल 28 दिसंबर को रद्द रहेगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव पंकज सोनकर के नेतृत्व में वार्ड 23 और 42 के संगमस्थल पर पूर्व प्रधानमंत्री के चेलचित्र पर पुष्प अर्पित कर और मोमबत्ती जलाकर एक मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान, पंकज सोनकर ने कहा कि उनकी दूरदर्शिता, दक्षता एवं आर्थिक नीतियों ने देश की प्रगति को नई दिशा दी। आर्थिक सशक्तिकरण में अद्वितीय योगदान दिया एवं विश्व पटल पर भारत को आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित किया। यह मेरा परम सौभाग्य है कि उनके नेतृत्व में कांग्रेस सरकार की नीतियों को सशक्त करने का मौक़ा मिला। मैं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने का संबल प्रदान करें। इस मौके पर सुभाष सिंह, दीपक सिंह, मोहन पांडे, विक्रम सिंह, विकाश यादव, मो. सरफराज, ददन सिंह, आकिब जहूर, ज्वालाप्रताप सिंह, वीरेंद्र खरवार, अंजनी दुबे, रिंकू, गुड्डू खान व अन्य उपस्थित रहे।

## वर्ग पहेली नं. 2959

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | ■ | 8 | 9 |
| 10 | | | ■ | 11 | | ■ | 12 | ■ | |
| | ■ | 13 | 14 | | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | ■ | | ■ | |
| 18 | | ■ | | ■ | 19 | 20 | | ■ | |
| ■ | | ■ | 21 | 22 | | | ■ | 23 | |
| 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | | | ■ |
| | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |

*बायें से दायें:-* 1) संसद, 4) पूर्वज, 6) नाना, 8) शीर्षक; प्रसिद्धि; प्रतिष्ठा, 10) नाखून, 11) पराजय, 13) विष्णु का एक अवतार; ठिंगना, 15) खारा; सलोना, 16) बीच में, 18) कृषिभूमि, 19) वानर, 21) प्रारब्ध, 23) *पंचभूत सूचि:* अग्नि, आकाश, XX, पृथ्वी और वायु, 24) नवजात पशु, 26) दफ़नाना 27) मूँदना, 28) पुत्री.

*ऊपर से नीचे:-* 1) किंवदंती; जनश्रुती, 2) कार्ल मार्क्स का सिद्धांत, 3) पसंद; प्रिय, 4) खुले में, 5) चुकाना; थमाना, 7) गौरवपूर्ण; महिमामंडित; उच्च; ग्रेट, 9) कृष्ण, 12) चंद्रवार, 14) जीर्णोद्धार, 16) समावेश, 17) प्रतिबंध, अनुशासन, 20) मसजिद, 22) दुर्जन, 23) शवयात्रा, 24) बददुआ, 25) आवश्यकता; बुराई; मूल्यकटौती; दुर्भिक्ष.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | नी | म | त | ■ | अ | ड़ं | गा | ■ | स |
| दी | ■ | ग | ट | क | ना | ■ | ज | ग | ह |
| ला | चा | र | ■ | च | र | बी | ■ | ■ | का |
| ■ | ■ | म | दि | रा | ■ | मा | रा | मा | री |
| नि | रि | छ | ■ | ■ | औ | र | ■ | र | ■ |
| ■ | आ | ■ | को | र | स | ■ | सं | क | ल |
| सा | य | कि | ल | ■ | त | ल | क | ■ | गा |
| र | त | ■ | का | जू | ■ | ■ | रि | पु | ता |
| णी | ■ | को | ता | ही | ■ | चि | त | ■ | र |

## सुडोकू–पहेली–2919

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 1 | | | 5 | |
| | 7 | | | | | 2 | | |
| 3 | | | | | | | | |
| 6 | | | | | | 3 | | 2 |
| 4 | | | 5 | | | | | |
| | | 9 | | | | | | |
| | 5 | | 3 | | 8 | | | |
| | | 1 | | | | | 4 | |
| | | | 2 | | | | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3–3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली – 2918 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 9 |
| 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 4 | 3 | 7 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 8 | 1 | 2 |
| 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 | 9 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 4 | 5 | 6 | 1 | 2 | 3 |
| 8 | 4 | 9 | 7 | 3 | 1 | 2 | 5 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 5 | 9 | 8 | 4 |

# शिक्षक भर्ती घोटाला : ईडी मामले में चार्ज गठन के बीच पार्थ के खिलाफ सीबीआई ने दाखिल की 40 पन्नों चार्जशीट

## पार्थ व उनके सहयोगियों पर नौकरी के लिए हजारों लोगों से पैसे लेने का आरोप

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और उनके सहयोगियों पर नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से बड़ी धनराशि वसूलने का आरोप लगाया गया है। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने शुक्रवार को इस मामले में 40 पन्नों की चार्जशीट दाखिल की। इस दिन, दोपहर करीब 3 बजे केंद्रीय जांच एजेंसी ने पार्थ और मामले के दो अन्य आरोपितों अयन शील और संतु गांगुली के खिलाफ बैंकशाल कोर्ट में आरोपत्र दाखिल किया। सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, चार्जशीट में बताया गया है कि तीनों आरोपितों के खिलाफ भ्रष्टाचार के कई सबूत मिले हैं। दूसरी ओर, प्राथमिक भर्ती घोटाले से जुड़े ईडी मामले में पार्थ समेत कुल 54 लोगों के खिलाफ आरोप तय करने की प्रक्रिया अदालत में शुरू हो चुकी है। गुरुवार के बाद शुक्रवार को भी आरोप तय करने के लिए कोर्ट में सुनवाई हुई। चार्जशीट में दावा किया गया है कि पार्थ और उनके सहयोगियों ने एक हजार से अधिक उम्मीदवारों से अवैध रूप से पैसे वसूले। सीबीआई ने बताया कि प्राइमरी भर्ती घोटाले में पार्थ चटर्जी ने प्रमुख भूमिका निभाई है। चार्जशीट में पार्थ के साथ अयान शील और संतु गंगोपाध्याय का नाम भी शामिल है। बता दें कि पार्थ चटर्जी, जो पहले ही दो साल से अधिक समय से जेल



में हैं, ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत के लिए याचिका दायर की थी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की एक अलग मामले में पार्थ को शर्तों के साथ जमानत मंजूर की गई थी, लेकिन वह अब तक लागू नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि पार्थ चटर्जी के वकील ने हाल ही में ईडी के एक मामले से राहत पाने के लिए कोर्ट में याचिका दायर की थी। वकील ने दावा किया था कि पार्थ के खिलाफ लगाए गए आरोपों का कोई ठोस सबूत नहीं है। लेकिन सीबीआई द्वारा दायर की गई नई चार्जशीट ने उनके खिलाफ आरोपों को और गंभीर बना दिया है। सीबीआई की 40 पन्नों की चार्जशीट में बताया गया है कि पार्थ और उनके सहयोगियों ने नौकरी दिलाने के नाम पर उम्मीदवारों से भारी रकम वसूली। घोटाले में शामिल अन्य व्यक्तियों और संपत्तियों की भी जांच की जा रही है।

### पार्थ चटर्जी ने अग्रिम राशि देकर फ्लैट बुक कराए पर खरीदे नहीं, ईडी ने उजागर किया घोटाला

नियुक्ति घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाल ही में पांचवां पूरक चार्जशीट दाखिल किया है, जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी के धन शोधन के नए तरीकों का खुलासा किया गया है। ईडी का आरोप है कि पार्थ ने फ्लैट खरीदने का दिखावा करते हुए लाखों रुपये अग्रिम के तौर पर दिए, लेकिन किसी भी फ्लैट का पूरा भुगतान नहीं किया। ईडी की चार्जशीट में बताया गया है कि पार्थ ने इम्प्रोलाइन कंस्ट्रक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड और एचआरआई वेल्थ क्रिएशन्स रियल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड जैसी कंपनियों का इस्तेमाल करते हुए फ्लैट बुकिंग में पैसा लगाया। कोलकाता और आसपास के इलाकों में कई फ्लैट बुक कराए गए थे। कहीं पांच लाख तो कहीं 14 लाख रुपये अग्रिम दिए गए, लेकिन बाकी रकम का भुगतान नहीं किया गया। ईडी ने कहा कि फ्लैट बुकिंग में पार्थ ने अपने नाम का इस्तेमाल नहीं किया। इसके लिए राजीव दे नाम के व्यक्ति को सामने रखा गया। राजीव ने ईडी की पूछताछ में यह स्वीकार किया। इसके अलावा, सुरंजिता जाना नामक महिला को इन कंपनियों की डायरेक्टर बनाया गया था। फ्लैट विक्रेताओं ने ईडी को बताया कि पार्थ के प्रभाव के कारण वे फ्लैट बुकिंग रद्द नहीं कर सके। रिवरबैंक डेवेलपर्स, इडेन रियल एस्टेट और अंबुजा नेओटिया जैसी कई बड़ी कंपनियों ने खुलासा किया कि पार्थ की कंपनियों ने फ्लैट बुक किए, लेकिन बकाया राशि नहीं चुकाई। ईडी के अनुसार, पार्थ ने जानबूझकर फ्लैट नहीं खरीदे ताकि कम धनराशि देकर कई संपत्तियां बुक की जा सकें और काले धन को सफेद किया जा सके। यह मामला बंगाल की राजनीति में बड़े घोटालों में से एक के रूप में देखा जा रहा है। ईडी अब इस घोटाले में शामिल संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया में है।

### फिरहाद हकीम के हाथ से निकला हिडको

**कोलकाता, समाज्ञा :** शहरी विकास मंत्री फिरहाद हकीम के हाथ से वेस्ट बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन यानी हिडको को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने हाथों ले लिया है। कार्यालय बदलकर हिडको कर दिया गया। शहरी एवं नगर विकास विभाग से इस बार यह राज्य के कार्मिक विभाग के अधीन आ गया। वेस्ट बंगाल हाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन यानी हिडको की देखरेख खुद मुख्यमंत्री कर रही हैं। लोक निर्माण एवं शहरी विकास राज्य मंत्री फिरहाद हकीम के अधीन था। अब हिडको राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के अधीन आ गया। नवान्न सूत्रों के मुताबिक शुक्रवार को राज्य कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया।

### शौकत मोल्ला ने शुभेंदु अधिकारी को भेजा मानहानि का नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के कैनिंग इलाके से हाल ही में कश्मीरी आतंकी की गिरफ्तारी के बाद से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस व राज्य में मुख्य विपक्षी दल भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप तेज हो गया है। इसके बीच, कैनिंग पूर्व से तृणमूल विधायक शौकत मोल्ला ने आतंकियों को पनाह देने के आरोपों को लेकर विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक शुभेंदु अधिकारी को कानूनी नोटिस भेजा है। मोल्ला ने शुभेंदु से सात दिनों के अंदर माफी मांगने को कहा है। ऐसा नहीं करने पर उन्होंने मानहानि का मुकदमा करने की चेतावनी दी है। बता दें कि पिछले सप्ताह कैनिंग से कश्मीरी आतंकी जावेद मुंशी की गिरफ्तारी के बाद शुभेंदु ने मोल्ला पर आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगाया था। उन्होंने मोल्ला को भी आतंकी बताया था।

## तलब पर नहीं पहुंचने पर अर्जुन सिंह के तलाश में मजदूर भवन पहुंची पुलिस

☛ दो जनवरी तक नहीं जा सकेंगे थाने, पूर्व सांसद ने वकील के माध्यम से पत्र लिखकर दी थी जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** पहले भेजा गया था नोटिस इस बार पुलिस अधिकारी पूर्व भाजपा सांसद अर्जुन सिंह के घर गए। शुक्रवार की सुबह बैरकपुर पुलिस कमिश्नरेट और जगद्दल पुलिस ने मजदूर भवन पर छापेमारी की। बैरकपुर के पूर्व सांसद को शुक्रवार को जगद्दल पुलिस स्टेशन में पूछताछ के लिए बुलाया गया था। लेकिन वे शुक्रवार को पेश नहीं हुए। अर्जुन सिंह घर पर नहीं रहेंगे। वे आगामी 2 जनवरी तक थाने नहीं जा सकेंगे। अर्जुन सिंह ने अपने वकील के माध्यम से पत्र लिखकर



पुलिस को यह बात बताई। बताया जाता है कि इसके बाद पुलिस अधिकारी मजदूर भवन पहुंचे। वे कुछ समय तक उस घर में रहे। अर्जुन सिंह बुधवार को अपने भाटपाड़ा स्थित घर पर पत्रकारों से मुखातिब हुए। वहां उन्होंने राज्य के पुलिस प्रशासन के खिलाफ अपना गुस्सा जाहिर किया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी निशाना साधा। भाजपा नेता ने विपक्षी नेता शुभेंदु अधिकारी की हत्या के डर से जिहादियों पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ राज्य पुलिस एजेंसी के साथ मिलीभगत का आरोप लगाया। इसके बाद भाटपाड़ा नगर पालिका के वार्ड नंबर 20 के तृणमूल पार्षद अभिमन्यु तिवारी ने जगद्दल थाने में अर्जुन सिंह के नाम से शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर पुलिस ने इस भाजपा नेता को तलब किया। अर्जुन सिंह को ईमेल के जरिए नोटिस भेजा गया। जगद्दल थाने की पुलिस ने गुरुवार को उनके घर जाकर नोटिस भी दिया। उन्हें शुक्रवार को जगद्दल पुलिस स्टेशन जाना था।

## प्रौद्योगिकी की प्रगति के साथ आत्मा की प्रसन्नता भी महत्वपूर्ण : रामनाथ कोविंद

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि जिस युग में प्रौद्योगिकी सुपरसोनिक गति से बढ़ रही है, उसमें आत्मा की प्रसन्नता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कोविंद ने कहा कि विज्ञान और अध्यात्म विरोधाभासी नहीं हैं, बल्कि एक ही सिक्के के दो पहलू हैं जो समाज की बेहतरी के लिए मिलकर काम करते हैं। पूर्व राष्ट्रपति ने यहां एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि वैज्ञानिक सच की खोज में अपना जीवन समर्पित कर देते हैं और उनकी यह खोज साधना कहलाती है। उन्होंने कहा कि आज मनुष्य को भौतिक सुख-सुविधाओं से परे जाने की जरूरत है। कोविंद ने कहा कि रामकृष्ण परमहंस, मां सारदा और स्वामी विवेकानंद जैसे संत अध्यात्म



की खोज में निकले थे। बंगाल के इन संतों ने दुनिया की सुख-सुविधाओं को खारिज कर दिया था लेकिन उन्होंने संन्यास के बिना आध्यात्मिक खोज पूरी नहीं होने की धारणा को भी खारिज कर दिया था। उन्होंने कहा कि स्वामीजी जैसे संतों ने इस अवधारणा को खारिज कर दिया कि बिना संन्यास के आध्यात्मिक खोज पूरी नहीं हो सकती। कोविंद ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने वैज्ञानिक तरीके से आध्यात्मिकता की खोज की।

## फर्जी पासपोर्ट मामला : सत्यापन प्रक्रिया में ढिलाई को लेकर बंगाल पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यभर में चल रहे फर्जी भारतीय पासपोर्ट रैकेट के खुलासे के बाद कोलकाता पुलिस सहित पश्चिम बंगाल पुलिस की जांच बढ़ती जा रही है। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालयों द्वारा पासपोर्ट जारी करने से पहले एक महत्वपूर्ण कदम, नियमित सत्यापन प्रक्रियाओं के संचालन के लिए जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए गए हैं। इस बात को लेकर चिंताएं जताई गई हैं कि क्या भौतिक सत्यापन का काम करने वाले पुलिस अधिकारी पासपोर्ट आवेदकों के आवासों पर गए थे। कथित तौर पर, कई अधिकारियों ने इस आवश्यकता को नजरअंदाज कर दिया, इसके बजाय सत्यापन प्रक्रिया को पूरा करने के लिए आवेदकों को पुलिस स्टेशन में बुलाया – नियमों का उल्लंघन। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली शहर की एक अदालत द्वारा जांच अधिकारियों को संबंधित पुलिस स्टेशनों में उनके सहयोगियों की जांच करने का निर्देश



दिए जाने के बाद इस मुद्दे को प्रमुखता मिली। इन अधिकारियों को उन व्यक्तियों के विवरण को सत्यापित करने का काम सौंपा गया था जिन्होंने बाद में फर्जी पहचान का उपयोग करके नकली पासपोर्ट प्राप्त किए थे। उल्लेखनीय है कि पिछले 12 दिनों में, अवैध बांग्लादेशी निवासियों के लिए नकली भारतीय पासपोर्ट हासिल करने की साजिश रचने के आरोप में छह व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। जब्त किए गए दस्तावेज़ों ने जांचकर्ताओं को उन अन्य लोगों की पहचान करने के लिए प्रेरित किया है जिन्होंने इन धोखाधड़ी गतिविधियों से लाभ उठाया हो सकता है।

### नंदीग्राम के आईसी का तबादला, दो तृणमूल कार्यकर्ता की हत्या के बाद लिया गया निर्णय

**पूर्व मेदिनीपुर :** नंदीग्राम पुलिस स्टेशन के आईसी को स्थानांतरित किया गया। नंदीग्राम पुलिस स्टेशन के आईसी अनुपम मंडल को डीआईबी में स्थानांतरित कर दिया गया है। मामला सामने आते ही प्रशासनिक और राजनीतिक हलके में हंगामा मच गया। पिछले 18 दिनों में नंदीग्राम में दो तृणमूल कार्यकर्ताओं की हत्या कर दी गई। इसी के चलते इस बात पर भी कवायद शुरू हो गई है कि क्या आईसी को बदला जाए। हालांकि, जिला पुलिस दावा कर रही है कि यह रूटीन ट्रांसफर है। इसका जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं की हत्या से कोई लेना-देना नहीं है।सूत्रों के मुताबिक, तृणमूल के एक वर्ग ने 18 दिनों के भीतर दो पार्टी कार्यकर्ताओं की हत्या में आईसी की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। उनकी शिकायत थी कि आईसी पुलिस स्टेशन क्षेत्र की सुरक्षा का प्रबंधन करने में विफल रही।

## आरजीकर मामला : आज से फिर पांच दिनों तक चिकित्सकों का धरना, हाईकोर्ट की सशर्त अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मुद्दे फिर से गरमा गया है। चिकित्सकों ने धर्मतला में पांच दिनों के धरने की मांग पर अदालत के दर



तक पहुंची थी। कोर्ट ने चिकित्सकों से सशर्त अनुमति दे दी है। आरजीकर मामले में पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और टाला थाने के ओसी अभिजीत मंडल ने जमानत के विरोध में फिर से बैठने का फैसला किया। डॉक्टरों के संयुक्त मंच ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त को पत्र लिखकर 18 से 26 दिसंबर तक धर्मतला में धरना देने की अनुमति मांगी है। इसकी अनुमति नहीं थी। इसी कारण से, उन्होंने 17 तारीख को हड़ताल करने की अनुमति मांगने के लिए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। बाद में न्यायाधीश तीर्थंकर घोष की पीठ ने धरने की अनुमति दे दी। इसे देखते हुए राज्य फिर से खंडपीठ के पास गया। इससे भी कोई खास मदद नहीं मिली। 26 दिसंबर तक हड़ताल की इजाजत दी गई थी। बाद में आंदोलनकारी डॉक्टर धरने की अवधि बढ़ाने के अनुरोध के साथ आयुक्त के पास पहुंचे। बिना अनुमति के अदालत में वापस जाएं। गुरुवार को कोर्ट ने शर्तों के अधीन डॉक्टरों का स्टे पांच दिन और बढ़ाने का आदेश दिया। जस्टिस विश्वास ने कहा कि आंदोलनकारी डॉक्टर 31 दिसंबर तक विरोध प्रदर्शन कर सकेंगे लेकिन उस स्थिति में वे सुबह 10 बजे से रात 9 बजे तक मंच पर रह सकते हैं।

## बंगाल में आतंक फैलाने की साजिश, केंद्रीय ख़ुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में खुलासा

**कोलकाता/मुर्शिदाबाद :** एक नवगठित आतंकी संगठन राज्य के मुर्शिदाबाद जिले में अपने विस्तार की फिराक में है। उसकी जिले के प्रत्येक ब्लॉक में अपनी इकाई खोलने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में यह सनसनीखेज राजफाश हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के पास उक्त आतंकी संगठन की गतिविधियों को लेकर बारे में रिपोर्ट जमा की गई है। बंगाल पुलिस को भी इस बाबत सतर्क किया गया है। खुफिया एजेंसियों ने बताया है कि वह आने वाले समय में बड़े आतंकी हमले की साजिश रच रहा है। पता चला है कि आतंकी संगठन की भारतीय शाखा ने गत तीन सितंबर को मुर्शिदाबाद में अपनी बैठक की थी। उसके बाद, गत 28 सितंबर को उसके सदस्यों ने बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आतंकी संगठन जमात-उल-मुजाहिदीन के सहयोगी संगठन के साथ भी बैठक की थी। उसी में मुर्शिदाबाद में संगठन बढ़ाने का निर्णय लिया गया है।

## दिसंबर के मध्य में भी जानलेवा डेंगू, एक हजार से अधिक संक्रमित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने बीमारी का कारण जानने के लिए सभी सरकारी अस्पतालों में फीवर क्लीनिक शुरू किए हैं। बुखार का कारण जानने के लिए अस्पताल में रक्त परीक्षण किया जाता है। रिपोर्ट कहती है दिसंबर के मध्य में भी डेंगू बुखार बन गया है राज्य में अब तक 31,000 से अधिक प्रभावित है। स्वाभाविक रूप से अधिक परीक्षण पर जोर दिया जा रहा है। ठंड बढ़ी है लेकिन मच्छरों की शक्ति कम नहीं हुई। यहां तक कि दिसंबर के मध्य में भी पिछले तीन हफ्तों में राज्य में 1 हजार 536 नए डेंगू के मामले सामने आए। ज्यादातर पीड़ित मुर्शिदाबाद, मालदा और उत्तर 24 परगना के रहने वाले हैं। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, 22 दिसंबर तक राज्य में डेंगू के कुल मामलों की संख्या 31 हजार 58 है। राज्य के सभी सरकारी और निजी अस्पतालों से डेंगू के मामलों की रिपोर्ट मिल रही है। इनमें सरकारी अस्पतालों से 24 हजार 308 डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट आई हैं। निजी अस्पतालों और लैब से 6,750 लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। जैसे-जैसे डेंगू अधिक खतरनाक होता जा रहा है, बीमारी का पता लगाने के लिए अधिक रक्त परीक्षण शुरू किए गए हैं।

## नदिया में फिर बांग्लादेशी घुसपैठिया गिरफ्तार, भारतीय दलाल समेत 6 लोग पुलिस के हत्थे चढ़े

**कोलकाता, समाज्ञा :** जिले के राणाघाट जिला पुलिस ने फिर अवैध रूप से घुसे तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही तीन भारतीय दलालों को भी गिरफ्तार किया गया है। इन छह लोगों को नदिया के धानतला और हांसखली पुलिस थानों की संयुक्त पहल से गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार की देर रात नदिया के गंगनापुर में छापेमारी की। घुसपैठियों ने तीन भारतीय दलालों के घर में शरण ली। उनमें से प्रत्येक को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार लोगों में दो महिलाएं और चार पुरुष शामिल हैं। उन्हें शुक्रवार को राणाघाट उपजिला अदालत में पेश किया गया।

### बालुरघाट में छिपे बांग्लादेशी नागरिक समेत दो गिरफ्तार

**दक्षिण दिनाजपुर :** बालुरघाट पुलिस ने एक बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया है जो अवैध रूप से भारत में घुसकर यहां छिपा हुआ था। बताया गया है कि शुक्रवार की दोपहर बालुरघाट थाना के राजुआ इलाके से



बांग्लादेशी युवक को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त का नाम मोहसिन मंडल है। वह बांग्लादेश के नौगांव जिले के पोलिपारा गांव का निवासी है। बताया गया है कि वह काफी समय पहले सीमा पार से तस्करी करके भारत में घुसा था। विभिन्न इलाकों में समय बिताने के बाद वह पिछले एक सप्ताह से बालुरघाट थाना अंतर्गत राजुआ इलाके के एक घर में छिपा हुआ था। गुप्त सूचना के आधार पर बालुरघाट पुलिस ने मोहसिन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे शरण देने के आरोप में घर के मालिक मोक्तार मंडल को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक के भारत आने के उद्देश्य तथा उसने कहां समय बिताया, इसकी जांच कर रही है।

## आज और कल जेसोर रोड मरम्मत कार्य के लिए रहेगा बंद, वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था

**कोलकाता, समाज्ञा :** जिला मुख्यालय बारासात और आस-पास के क्षेत्रों के जेसोर रोड को मरम्मत कार्य के लिए शनिवार और रविवार को 48 घंटे के लिए बंद रखा जाएगा। परिणामस्वरूप, कई लोग नए साल से पहले उत्सव की भावना में पर्यटक आकर्षणों का दौरा करने और पिकनिक में भाग लेने के दौरान कष्ट सहने से डरते हैं। हालांकि, पुलिस का दावा है कि वैकल्पिक सड़कें होने के कारण कोई समस्या नहीं होगी। जिला पुलिस ने घोषणा की है कि यातायात को नियंत्रित करने के लिए अतिरिक्त पुलिस तैनात की जाएगी। उल्लेखनीय है कि काजीपारा रेल फाटक से सटे जेस्सोर रोड की हालत लंबे समय से खराब है, इसलिए दुर्घटनाओं से बचने के लिए 20 दिसंबर से यातायात को नियंत्रित करके सड़क नवीकरण का काम शुरू किया गया है। नवीनीकरण का कार्य दिन के समय पूरी तरह बंद रहते हुए किया जा रहा है। प्रतिदिन रात्रि 11 बजे से अगले दिन सुबह 4 बजे तक वाहनों की केवल एक ही लाइन चल रही है। जिला पुलिस ने 4 जनवरी तक नवीनीकरण कार्य पूरा करने के लिए जेस्सोर रोड के इस हिस्से को 28 और 29 दिसंबर को 48 घंटे के लिए बंद करने का निर्णय लिया है। इस दौरान, वैकल्पिक मार्ग के रूप में, कोलकाता से बनगांव की ओर जाने वाले वाहनों को बारासात चापड़ली चौराहे से पहले फ्लाईओवर पर बाएं मुड़कर, कॉलोनी चौराहे से गुजरते हुए, राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर जाकर, संतोषपुर में दाएं मुड़कर, और जेसोर रोड पर वापस लौटकर भेजा जाएगा। तथा बनगांव की ओर से आने वाले वाहनों को अशोकनगर में बिल्डिंग चौराहे से डायवर्ट कर अवलसिद्दी चौराहे से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 12 पर लाया जाएगा। पुलिस सूत्रों के अनुसार, टाकी रोड की ओर से आने वाले वाहनों को कचकल चौराहे से राजारहाट की ओर मोड़ दिया जाएगा और कुछ वाहनों को धर्मतला चौराहे से मोड़ दिया जाएगा।

**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

**eNIT No.: 63/City(M) of 2024-25** of The E.E.-I, City Dvn., P.W.D. for the work i.c.w. observation of celebrating Netaji Birthday on 23rd January 2025 at Red road Netaji statue base are invited from bonafied decorators having credential for similar urgent nature of works & State Ceremonies. Bid submission closing date (online) will be on **11.01.2025 at 14.00 hrs. Tender ID: 2024_PWD_791926_1.** Other details may be seen from the web site: **http://etender.wb.nic.in** & **http://wbpwd.in** .

Sd/-
Executive Engineer-I
City Division, P.W.D

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. यूएफसीएसपी-25-27, दिनांक 23.12.2024,** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/सी, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, कैरिज/लोको कॉम्प्लेक्स, उत्तर 24 परगना, पीओः कांचरापाड़ा, पिन-743145 द्वारा निम्नवर्णित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम एवं इसका स्थान :** 02 (दो) वर्ष की अवधि के लिए कार्य अनुबंध के माध्यम से कैरिज कॉम्प्लेक्स, कांचरापाड़ा में 4564 अंडरफ्रेम (पारंपरिक, डीईएमयू, एलएचबी और ईएमयू/एमईएमयू) की यंत्रचालित अंडर-फ्रेम स्क्रैपिंग, सफाई एवं पेंटिंग। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु.31,30,904/-, **निविदा कागजात का मूल्य (टीडीसी):** शून्य। **वेबसाइट जहाँ निविदा कागजात उपलब्ध होगा :** निविदा कागजात का संपूर्ण सेट भारतीय रेल की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर दिनांक 23.12.2024 से 14.01.2025 को 14.00 बजे तक उपलब्ध होगा। **बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी:** 62,700/- **कार्य की समापन अवधि:** 02 (दो) वर्ष। **विज्ञापन अवधि:** दिनांक 23.12.2024 से 14.01.2025 को 14.00 बजे तक। **प्रस्ताव जमा देने की अवधि:** 15 (पंद्रह) दिन पूर्व से 14.01.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 14.01.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा की वैधता:** 66 (छियासठ) दिन। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** निविदा दिनांक 14.01.2025 को 15.00 बजे और उसके बाद खोली जाएगी। MISC-289/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत पुल रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों का नियंत्रण**

**संशोधन एवं संयोजन**

हावड़ा मंडल के तहत दिनांक 28/29.12.2024 की मध्यवर्ती रात को 10 घंटे के लिए पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों के नियंत्रण के संबध में पूर्व प्रकाशित ऊपर शीर्षांकित विज्ञापन के संदर्भ में संशोधन एवं संयोजन, दिनांक 29.12.2024 (रविवार) को ट्रेनों के आवागमन में नीचे उल्लेखित सुधार किए गए हैं:- ● **37371 अप** हावड़ा-गोघाट लोकल सम्पूर्ण रूप से रद्द रहेगी। ● **37373 अप** हावड़ा-गोघाट लोकल हावड़ा एवं तारकेश्वर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगी। ● **37326 डाउन** तारकेश्वर-हावड़ा लोकल पुनर्निर्धारित नहीं की जाएगी यानी तारकेश्वर से अपने मूल निर्धारित समय **सुबह 10.25 बजे** रवाना होगी। यात्रियों से स्टेशनों की सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली का अनुसरण करने का अनुरोध किया जाता है। असुविधा के लिए गहरा खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

### सर्वे पार्क में नाबालिग से यौन उत्पीड़न के आरोप में पानी विक्रेता गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर में एक बार फिर एक नाबालिग के यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार, सर्वे पार्क थाना इलाके में सर्वे पार्क क्षेत्र में एक 12 वर्षीय लड़की से यौन उत्पीड़न के आरोप में एक पानी विक्रेता को गिरफ्तार किया गया है। पता चला है कि आरोपी अक्सर नाबालिग के घर पानी देने जाता था। बताया गया है कि गत गुरुवार को एक 40 वर्षीय व्यक्ति पर एक नाबालिग लड़की से यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया, जब वह उसे पानी दे रहा था। नाबालिग के परिजनों ने देर रात पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, आरोपी पानी व्यापारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ पहले ही पोक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है।

### एमसीसीआई के हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म काउंसिल के चेयरमैन बने नरेश कुमार अग्रवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** मर्चेंट्स चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एमसीसीआई) ने हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म क्षेत्र के विकास को बढ़ावा देने के लिए एक नई काउंसिल का गठन किया है। इस काउंसिल का उद्देश्य पर्यटन और आतिथ्य उद्योग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करना और इस क्षेत्र में नए अवसर पैदा करना है। काउंसिल के चेयरमैन के रूप में नरेश कुमार अग्रवाल को नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति उनके व्यापक अनुभव और नेतृत्व कौशल को ध्यान में रखते हुए की गई है। एमसीसीआई का यह कदम भारत के पर्यटन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और उद्योग से जुड़े लोगों के हितों की रक्षा करने के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है। समाज्ञा की ओर से नरेश कुमार अग्रवाल को बहुत-बहुत शुभकामनाएं।



### हावड़ा मंडल पर ब्रिज के कार्य के लिए ट्रेनों का विनियमन

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन में हरिपाल और नालिकुल स्टेशनों के बीच ब्रिज का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के संबंध में 28 दिसंबर और 29 दिसंबर को ट्रेनों के संचालन में बदलाव किया गया है। 28 दिसंबर यानी आज तारकेश्वर से 37352, 37354 और हावड़ा से 37349, 37351 रद्द रहेगी। वहीं, 29 दिसंबर को तारकेश्वर से: 37312, 37314, 37316, 37318, 37320, 37322, 37412, 37416, गोघाट से: 37372, आरामबाग से: 37360, हरिपाल से: 37308, सिंगूर से: 37304, हावड़ा से: 37371, 37309, 37311, 37313, 37315, 37319, 37359, 37303, 37307 और शेउराफुली से: 37411, 37415 को रद्द कर दिया गया है। इसके अलावा, 37373 हावड़ा-गोघाट लोकल 29 दिसंबर को तारकेश्वर से शुरू होगी और हावड़ा और तारकेश्वर के बीच आंशिक रूप से रद्द की जाएगी।

### बकाया पैसे मांगने पर अस्पताल में घुसकर मरीज को जलाकर मारने की कोशिश, दो गिरफ्तार

**उत्तर दिनाजपुर :** अस्पताल में इलाजरत एक युवक पर पेट्रोल छिड़ककर जलाने का मामला शुक्रवार की सुबह सामने आया है। देर रात घटी इस घटना से रायगंज मेडिकल कॉलेज व अस्पताल परिसर में सनसनी फैल गई थी। रायगंज थाने की पुलिस ने देर रात को ही उक्त मामले में दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

## सिलीगुड़ी में एसटीएफ ने 30 लाख रुपये का गांजा किया जब्त, चार गिरफ्तार

**सिलीगुड़ी :** राज्य पुलिस की एसटीएफ की सिलीगुड़ी इकाई ने घोकसाडांगा थाना अंतर्गत उन्नीसबीसा इलाके के हिमघर चौपथी के पास छापेमारी कर एक



बारह पहिया ट्रक से 130 किलो गांजा बरामद किया। गुरुवार की रात हुई इस कार्रवाई में ट्रक में सवार चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के नाम संजू कुमार (32), कमल सिंह चौहान (38), जितेंद्र सिंह (38) और राहुल कश्यप (25) के रूप में हुई है। ये सभी उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद और मैनपुरी जिलों के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, जब्त किए गए गांजे की बाजार कीमत लगभग 30 लाख रुपये है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपित कूचबिहार से उत्तर प्रदेश में इस मादक पदार्थ को तस्करी कर बेचने की कोशिश कर रहे थे। जब ट्रक को रोका गया और उसकी तलाशी ली गई तो उसमें छुपाकर रखा गया 130 किलो गांजा बरामद हुआ। ट्रक पर राजस्थान का पंजीकरण नंबर था। इस मामले में घोकसाडांगा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल, गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ जारी है और तस्करी से जुड़े अन्य लोगों का पता लगाया जा रहा है।

**हावड़ा और बैण्डेल के बीच चार जोड़ी ईएमयू ट्रेनों की पुनर्बहाली**

हावड़ा मंडल के तहत हावड़ा और लिलुआ स्टेशनों के बीच नए बनारस रोड ओवर ब्रिज के गर्डर को स्थापित करने के लिए दिनांक **21.12.2024 से 01.02.2025** तक **ट्रैफिक और पावर ब्लॉक** के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था के संबंध में पूर्ववर्ती अधिसूचना के संदर्भ में, चार जोड़ी ईएमयू ट्रेनों को पैसेंजर स्पेशल के रूप में दिनांक **28.12.2024 (शनिवार) से 22.01.2025 (बुधवार)** तक हावड़ा और बैण्डेल के बीच निम्नानुसार पुनर्बहाल किया गया है:

| अप पैसेंजर स्पेशल | हावड़ा प्रस्थान समय | डाउन पैसेंजर स्पेशल | बैण्डेल प्रस्थान समय |
|---|---|---|---|
| पैसेंजर स्पेशल 1 | 17.47 बजे | पैसेंजर स्पेशल 2 | 04.45 बजे |
| पैसेंजर स्पेशल 3 | 18.25 बजे | पैसेंजर स्पेशल 4 (एसयूई) | 05.40 बजे |
| पैसेंजर स्पेशल 5 | 19.30 बजे | पैसेंजर स्पेशल 6 (एसयूई) | 08.28 बजे |
| पैसेंजर स्पेशल 7 | 20.10 बजे | पैसेंजर स्पेशल 8 | 08.52 बजे |

अन्य व्यवस्थाएँ अपरिवर्तित रहेंगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पिछले पृष्ठ से आगे

**4) पूर्व रेलवे प्रणाली के तहत यात्रा शुरू करने वाले स्टेशनों से कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की यात्रा आरम्भ करने के समय को पहले कर दिया गया है:**

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | ट्रेन का नाम | वर्तमान समय-सूची | संशोधित समय-सूची | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 13465 | हावड़ा-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 15.15 | हावड़ा प्रस्थानः 14.00 | 75 मिनट पहले प्रस्थान |
| 2. | 22310 | भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस | भागलपुर प्रस्थानः 15.20 | भागलपुर प्रस्थानः 15.05 | 15 मिनट पहले प्रस्थान |
| 3. | 13229 | गोड्डा-राजेन्द्र नगर टर्मिनल एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 07.35 | गोड्डा प्रस्थानः 07.20 | 15 मिनट पहले प्रस्थान |
| 4. | 13153 | सियालदह-मालदा टाउन गौड़ एक्सप्रेस | सियालदह प्रस्थानः 22.15 | सियालदह प्रस्थानः 22.05 | 10 मिनट पहले प्रस्थान |
| 5. | 13466 | मालदा टाउन-हावड़ा इंटरसिटी एक्सप्रेस | मालदा टाउन प्रस्थानः 06.15 | मालदा टाउन प्रस्थानः 06.05 | 10 मिनट पहले प्रस्थान |
| 6. | 13409 | मालदा टाउन-किऊल इंटरसिटी एक्सप्रेस | मालदा टाउन प्रस्थानः 06.00 | मालदा टाउन प्रस्थानः 05.50 | 10 मिनट पहले प्रस्थान |
| 7. | 15625 | देवघर-अगरतला एक्सप्रेस | देवघर प्रस्थानः20.05 | देवघर प्रस्थानः20.00 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 8. | 15925 | देवघर-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | देवघर प्रस्थानः20.05 | देवघर प्रस्थानः20.00 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 9. | 22499 | देवघर-वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस | देवघर प्रस्थानः15.15 | देवघर प्रस्थानः15.10 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 10. | 22303 | हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः06.50 | हावड़ा प्रस्थानः06.45 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 11. | 13154 | मालदा टाउन-सियालदह एक्सप्रेस | मालदा टाउन प्रस्थानः 21.30 | मालदा टाउन प्रस्थानः 21.25 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 12. | 12337 | हावड़ा-बोलपुर शांतिनिकेतन एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 10.05 | हावड़ा प्रस्थानः 10.00 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 13. | 13401 | भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस | भागलपुर प्रस्थानः 05.30 | भागलपुर प्रस्थानः 05.25 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 14. | 12367 | भागलपुर-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | भागलपुर प्रस्थानः 12.00 | भागलपुर प्रस्थानः 11.55 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |
| 15. | 13419 | भागलपुर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | भागलपुर प्रस्थानः 14.10 | भागलपुर प्रस्थानः 14.05 | 5 मिनट पहले प्रस्थान |

**5) कुछ ट्रेनों की गति में वृद्धिः**

**क. मेल/एक्सप्रेस**

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | ट्रेन का नाम | वर्तमान समय-सूची | संशोधित समय-सूची | गति में वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 13159 | कोलकाता-जोगबनी एक्सप्रेस | कोलकाता प्रस्थानः 20.55<br>मालदा टाउनः 05.00/05.10 | कोलकाता प्रस्थानः 21.45<br>मालदा टाउनः 04.55/05.05 | 55 मिनट |
| 2. | 13165 | कोलकाता-सीतामढ़ी एक्सप्रेस | कोलकाता प्रस्थानः 22.45<br>झाझाः 05.30/05.35 | कोलकाता प्रस्थानः 23.35<br>झाझाः 05.30/05.35 | 50 मिनट |
| 3. | 13160 | जोगबनी-कोलकाता एक्सप्रेस | मालदा टाउनः20.05/20.15<br>कोलकाता आगमनः 03.20 | मालदा टाउनः20.05/20.15<br>कोलकाता आगमनः 02.35 | 45 मिनट |
| 4. | 13064 | बालूरघाट-हावड़ा एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 23.00/23.10<br>हावड़ा आगमनः 06.15 | मालदा टाउनः 23.00/23.10<br>हावड़ा आगमनः 05.30 | 45 मिनट |
| 5. | 13136 | जयनगर-कोलकाता एक्सप्रेस | झाझा प्रस्थानः 19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.40 | झाझा :19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 3.00 | 40 मिनट |
| 6. | 13138 | आजमगढ़-कोलकाता एक्सप्रेस | झाझाः 19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.40 | झाझाः19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.00 | 40 मिनट |
| 7. | 22504 | डिब्रुगढ़-कामाख्या विवेक एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 19.45/19.55 | मालदा टाउनः 20.25/20.35 | 40 मिनट |
| 8. | 13156 | सीतामढ़ी-कोलकाता एक्सप्रेस | झाझाः 19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.40 | झाझाः 19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.00 | 40 मिनट |
| 9. | 13158 | मुजफ्फरपुर-कोलकाता एक्सप्रेस | झाझाः 19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.40 | झाझाः 19.25/19.35<br>कोलकाता आगमनः 03.00 | 40 मिनट |
| 10. | 12322 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-हावड़ा एक्सप्रेस | हावड़ा आगमनः 11.40 | हावड़ा आगमनः 11.10 | 30 मिनट |
| 11. | 14050 | दिल्ली-गोड्डा एक्सप्रेस | गोड्डा आगमनः 15.45 | गोड्डा आगमनः 15.15 | 30 मिनट |
| 12. | 13106 | बलिया-सियालदह एक्सप्रेस | झाझाः 19.00/19.10<br>सियालदह आगमनः 03.15 | झाझाः18.35/18.45<br>सियालदह आगमनः 02.05 | 35 मिनट |
| 13. | 15960 | डिब्रुगढ़-हावड़ा एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 21.50/22.00<br>हावड़ा आगमनः 05.10 | मालदा टाउनः 21.50/22.00<br>हावड़ा आगमनः 04.40 | 30 मिनट |
| 14. | 15962 | डिब्रुगढ़-हावड़ा एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 21.50/22.00<br>हावड़ा आगमनः 05.10 | मालदा टाउनः 21.50/22.00<br>हावड़ा आगमनः 04.40 | 30 मिनट |
| 15. | 13031 | हावड़ा-जयनगर एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 11.05<br>किऊलः03.10/03.25 | हावड़ा प्रस्थानः 11.25<br>किऊलः03.10/03.18 | 20 मिनट |
| 16. | 15657 | ब्रह्मपुत्र मेल | किऊलः17.10/17.15<br>मालदा टाउनः00.05/00.15 | किऊलः17.10/17.15<br>मालदा टाउनः23.45/23.55 | 20 मिनट |
| 17. | 15926 | डिब्रुगढ़-देवघर एक्सप्रेस | मुंगेरः 01.20/01.25<br>देवघर आगमनः06.00 | मुंगेरः 01.20/01.25<br>देवघर आगमनः05.40 | 20 मिनट |
| 18. | 15626 | अगरतला–देवघर एक्सप्रेस | मुंगेरः 01.20/01.25<br>देवघर आगमनः06.00 | मुंगेरः 01.20/01.25<br>देवघर आगमनः05.40 | 20 मिनट |
| 19. | 13054 | राधिकापुर-हावड़ा एक्सप्रेस | मालदा टाउनः09.05/09.15<br>हावड़ा आगमनः 15.35 | मालदा टाउनः09.05/09.15<br>हावड़ा आगमनः 15.20 | 15 मिनट |
| 20. | 13024 | गया-हावड़ा एक्सप्रेस | किऊलः 15.40/15.50<br>हावड़ा आगमनः 03.50 | किऊलः 15.40/15.50<br>हावड़ा आगमनः 03.35 | 15 मिनट |
| 21. | 13027 | हावड़ा-आजिमगंज एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 22.40<br>आजिमगंज आगमनः 04.20 | हावड़ा प्रस्थानः 22.40<br>आजिमगंज आगमनः 04.05 | 15 मिनट |
| 22. | 22309 | हावड़ा-भागलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 07.45<br>भागलपुर आगमनः 14.05 | हावड़ा प्रस्थानः 07.45<br>भागलपुर आगमनः 13.50 | 15 मिनट |
| 23. | 18620 | गोड्डा-राँची एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 16.45 | गोड्डा प्रस्थानः 17.00 | 15 मिनट |
| 24. | 13034 | कटिहार-हावड़ा एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 19.10/19.20<br>हावड़ा आगमनः 03.55 | मालदा टाउनः 18.20/18.30<br>हावड़ा आगमनः 02.50 | 15 मिनट |
| 25. | 12346 | गुवाहाटी-हावड़ा एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 23.48/23.58<br>हावड़ा आगमनः 05.30 | मालदा टाउनः 23.48/23.58<br>हावड़ा आगमनः 05.20 | 10 मिनट |
| 26. | 15235 | हावड़ा-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः11.05<br>झाझाः17.20/17.25 | हावड़ा प्रस्थानः11.15<br>झाझाः17.20/17.25 | 10 मिनट |
| 27. | 15271 | हावड़ा-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 11.05<br>झाझाः17.20/17.25 | हावड़ा प्रस्थानः 11.15<br>झाझाः17.20/17.25 | 10 मिनट |
| 28. | 22459 | मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल हमसफर एक्सप्रेस | मधुपुर प्रस्थानः 12.05<br>झाझाः13.45/13.50 | मधुपुर प्रस्थानः 12.10<br>झाझाः13.40/13.45 | 10 मिनट |
| 29. | 15629 | ताम्बरम-सिलघाट टाउन एक्सप्रेस | आसनसोलः 03.05/03.15<br>मालदा टाउनः 09.10/09.20 | आसनसोलः 03.15/03.25<br>मालदा टाउनः 09.10/09.20 | 10 मिनट |
| 30. | 15929 | ताम्बरम-न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस | आसनसोलः 03.05/03.15<br>मालदा टाउनः 09.10/09.20 | आसनसोलः 03.15/03.25<br>मालदा टाउनः 09.10/09.20 | 10 मिनट |
| 31. | 12020 | राँची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस | हावड़ा आगमनः 21.30 | हावड़ा आगमनः 21.20 | 10 मिनट |
| 32. | 12343 | सियालदह-हल्दीबाड़ी दार्जिलिंग मेल | सियालदह प्रस्थानः 22.05<br>मालदा टाउनः04.15/04.25 | सियालदह प्रस्थानः 22.15<br>मालदा टाउनः 04.15/04.25 | 10 मिनट |
| 33. | 13025 | हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 12.35 | हावड़ा प्रस्थानः 12.35 | 10 मिनट |
| 34. | 14049 | गोड्डा-दिल्ली एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 10.00 | गोड्डा प्रस्थानः 10.10 | 10 मिनट |
| 35. | 18604 | गोड्डा-राँची एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 14.00 | गोड्डा प्रस्थानः 14.10 | 10 मिनट |
| 36. | 18186 | गोड्डा-टाटानगर एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 14.00 | गोड्डा प्रस्थानः 14.10 | 10 मिनट |
| 37. | 12349 | गोड्डा-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 14.00<br>किऊलः 20.10/20.15 | गोड्डा प्रस्थानः 14.10<br>किऊलः 20.10/20.15 | 10 मिनट |
| 38. | 13424 | अजमेर-भागलपुर एक्सप्रेस | किऊलः 12.35/12.40<br>भागलपुर आगमनः 15.10 | किऊलः 12.35/12.40<br>भागलपुर आगमनः 15.00 | 10 मिनट |
| 39. | 13333 | दुमका-पटना एक्सप्रेस | दुमका प्रस्थानः14.05<br>किऊलः18.47/18.52 | दुमका प्रस्थानः14.10<br>किऊलः18.50/18.52 | 07 मिनट |
| 40. | 13208 | पटना-जसीडीह एमईएमयू एक्सप्रेस | झाझाः 15.03/15.05<br>जसीडीह आगमनः16.10 | झाझाः 15.50/15.52<br>जसीडीह आगमनः16.52 | 05 मिनट |
| 41. | 12551 | बेंगलुरु-कामाख्या एक्सप्रेस | आसनसोलः19.30/19.40<br>मालदा टाउनः02.05/02.15 | आसनसोलः19.30/19.40<br>मालदा टाउनः02.00/02.10 | 05 मिनट |
| 42. | 15647 | लोकमान्य तिलक टर्मिनस - गुवाहाटी एक्सप्रेस | किऊलः16.00/16.05<br>मालदा टाउनः23.15/23.25 | किऊलः16.00/16.05<br>मालदा टाउनः23.10/23.15 | 05 मिनट |
| 43. | 15619 | गया-कामाख्या एक्सप्रेस | किऊलः16.07/16.12<br>मालदा टाउनः23.15/23.25 | किऊलः16.07/1612<br>मालदा टाउनः23.10/23.15 | 05 मिनट |
| 44. | 22611 | चेन्नई सेंट्रल - न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस | आसनसोलः16.25/16.35<br>मालदा टाउनः23.15/23.25 | आसनसोलः16.25/16.35<br>मालदा टाउनः23.10/23.20 | 05 मिनट |
| 45. | 12041 | हावड़ा-न्यू जलपाईगुड़ी शताब्दी एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः14.25<br>मालदा टाउनः19.30/19.35 | हावड़ा प्रस्थानः14.25<br>मालदा टाउनः19.25/19.30 | 05 मिनट |
| 46. | 12307 | हावड़ा-जोधपुर एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 23.25 | हावड़ा प्रस्थानः 23.30 | 05 मिनट |
| 47. | 22307 | हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 23.25 | हावड़ा प्रस्थानः 23.30 | 05 मिनट |
| 48. | 12321 | हावड़ा-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस मेल | हावड़ा प्रस्थानः 23.35 | हावड़ा प्रस्थानः 23.40 | 05 मिनट |
| 49. | 15233 | कोलकाता-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | कोलकाता प्रस्थानः 10.40<br>झाझाः17.20/17.25 | कोलकाता प्रस्थानः 10.45<br>झाझाः17.20/17.25 | 05 मिनट |
| 50. | 13135 | कोलकाता-जयनगर एक्सप्रेस | कोलकाता प्रस्थानः 20.55<br>झाझाः 04.00/04.10 | कोलकाता प्रस्थानः 20.55<br>झाझाः 03.55/04.05 | 05 मिनट |
| 51. | 17005 | हैदराबाद-रक्सौल एक्सप्रेस | झाझाः 08.15/08.20 | झाझाः 08.10/08.15 | 05 मिनट |
| 52. | 17007 | सिकंदराबाद-डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | झाझाः 08.15/08.20 | झाझाः 08.10/08.15 | 05 मिनट |
| 53. | 12369 | हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 13.00<br>झाझाः18.10/18.15 | हावड़ा प्रस्थानः 13.00<br>झाझाः18.05/18.10 | 05 मिनट |
| 54. | 12327 | हावड़ा-देहरादून एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 13.00<br>झाझाः18.10/18.15 | हावड़ा प्रस्थानः 13.00<br>झाझाः18.05/18.10 | 05 मिनट |
| 55. | 22948 | भागलपुर-सूरत एक्सप्रेस | भागलपुरः06.45<br>किऊलः 09.10/09.15 | भागलपुरः06.50<br>किऊलः 09.10/09.15 | 05 मिनट |
| 56. | 13465 | हावड़ा-मालदा टाउन इंटरसिटी एक्सप्रेस | हावड़ा प्रस्थानः 15.15<br>मालदा टाउन आगमनः 21.50 | हावड़ा प्रस्थानः 14.00<br>मालदा टाउन आगमनः 20.30 | 05 मिनट |
| 57. | 12378 | न्यू अलीपुरद्वार-सियालदह पदातिक एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 00.40/00.45<br>सियालदह आगमनः 06.50 | मालदा टाउनः 00.40/00.45<br>सियालदह आगमनः 06.45 | 05 मिनट |
| 58. | 22512 | कामाख्या-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस | मालदा टाउनः 07.35/07.45 | मालदा टाउनः 07.35/07.45 | 05 मिनट |
| 59. | 22310 | भागलपुर-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस | भागलपुर प्रस्थानः 15.20<br>हावड़ा आगमनः 21.20 | भागलपुर प्रस्थानः 15.05<br>हावड़ा आगमनः 21.00 | 05 मिनट |
| 60. | 12517 | कोलकाता-गुवाहाटी गरीब रथ एक्सप्रेस | कोलकाता प्रस्थानः 21.40<br>मालदा टाउनः 04.00/04.10 | कोलकाता प्रस्थानः 21.45<br>मालदा टाउनः 04.00/04.10 | 05 मिनट |
| 61. | 12501 | कोलकाता-अगरतला गरीब रथ एक्सप्रेस | कोलकाता प्रस्थानः 21.40<br>मालदा टाउनः 04.00/04.10 | कोलकाता प्रस्थानः 21.45<br>मालदा टाउनः 04.00/04.10 | 05 मिनट |
| 62. | 12344 | हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल | मालदा टाउनः 23.30/23.40<br>सियालदह आगमनः 05.40 | मालदा टाउनः 23.30/23.40<br>सियालदह आगमनः 05.35 | 05 मिनट |
| 63. | 15089 | गोड्डा-गोमती नगर एक्सप्रेस | गोड्डा प्रस्थानः 14.10<br>मुंगेरः 06.40/06.45 | गोड्डा प्रस्थानः 14.10<br>मुंगेरः 06.35/06.40 | 05 मिनट |

**ख. पैसेंजर ट्रेनें:**

| क्र.सं. | ट्रेन सं. | ट्रेन का नाम | वर्तमान समय-सूची | | संशोधित समय-सूची | | गति वृद्धि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | यात्रा शुरु | यात्रा समाप्त | यात्रा शुरू | यात्रा समाप्त | |
| 1. | 63141 | सियालदह-गोड्डा एमईएमयू पैसेंजर | 12.05 | 21.50 | 12.05 | 21.30 | 20 मिनट |
| 2. | 63026 | रामपुरहाट-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | 18.25 | 20.15 | 17.55 | 19.30 | 15 मिनट |
| 3. | 63142 | गोड्डा-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | 09.30 | 18.35 | 09.45 | 18.35 | 15 मिनट |
| 4. | 73446 | भागलपुर-हंसडीहा डीईएमयू पैसेंजर | 19.35 | 22.02 | 19.58 | 22.10 | 15 मिनट |
| 5. | 63064 | तीनपहाड़-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | 14.10 | 20.05 | 14.45 | 20.30 | 10 मिनट |
| 6. | 63021 | आजिमगंज-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | 05.35 | 07.10 | 05.30 | 06.55 | 10 मिनट |
| 7. | 73420 | भागलपुर-साहिबगंज डीईएमयू पैसेंजर | 11.40 | 13.50 | 11.10 | 13.10 | 10 मिनट |
| 8. | 37922 | कटवा-हावड़ा ईएमयू | 10.25 | 14.05 | 10.36 | 14.10 | 06 मिनट |

**6) पूर्व रेलवे क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पैसेंजर ट्रेनों की नई संख्या के साथ नियमित संख्या :**

**पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें (कॉन्वेंशनल)**

| क्र.सं. | ट्रेन का मूल नाम | प्रकार | यात्रा के दिन | स्पेशल सं. | ट्रेन की मूल सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हावड़ा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03003 | 53001 |
| 2 | आजिमगंज-हावड़ा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03004 | 53002 |
| 3 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03041 | 53005 |
| 4 | आजिमगंज-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03042 | 53006 |
| 5 | रामपुरहाट-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03084 | 53008 |
| 6 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03035 | 53009 |
| 7 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03061 | 53011 |
| 8 | आजिमगंज-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03036 | 53012 |
| 9 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03083 | 53013 |
| 10 | आजिमगंज-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03096 | 53014 |
| 11 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03097 | 53015 |
| 12 | आजिमगंज-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03098 | 53016 |
| 13 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03089 | 53017 |
| 14 | आजिमगंज-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03090 | 53018 |
| 15 | आजिमगंज-साहिबगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03091 | 53021 |
| 16 | साहिबगंज-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03092 | 53022 |
| 17 | आजिमगंज-रामपुरहाट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03093 | 53023 |
| 18 | रामपुरहाट-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03066 | 53024 |
| 19 | आजिमगंज-रामपुरहाट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03065 | 53025 |
| 20 | आजिमगंज-मालदा टाउन पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03437 | 53027 |
| 21 | मालदा टाउन- आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03438 | 53028 |
| 22 | आजिमगंज-भागलपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03439 | 53029 |
| 23 | भागलपुर-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03440 | 53030 |
| 24 | आजिमगंज-रामपुरहाट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03069 | 53031 |
| 25 | रामपुरहाट-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03070 | 53034 |
| 26 | हावड़ा-रामपुरहाट विश्वभारती फॉस्ट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03047 | 53047 |
| 27 | रामपुरहाट-हावड़ा विश्वभारती फॉस्ट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03048 | 53048 |
| 28 | आजिमगंज-निमतिता पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03057 | 53051 |
| 29 | निमतिता-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03058 | 53052 |
| 30 | कटवा-निमतिता पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03059 | 53053 |
| 31 | निमतिता-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03060 | 53054 |
| 32 | कटवा-अहमदपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03055 | 53055 |
| 33 | अहमदपुर-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03056 | 53056 |
| 34 | सियालदह-लालगोला पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03171 | 53171 |
| 35 | लालगोला-सियालदह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03172 | 53172 |
| 36 | सियालदह-लालगोला पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03183 | 53175 |
| 37 | लालगोला-सियालदह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03190 | 53178 |
| 38 | लालगोला-सियालदह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03192 | 53180 |
| 39 | सियालदह-लालगोला पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03191 | 53181 |
| 40 | रामपुरहाट-गया पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05407 | 53403 |
| 41 | गया-जमालपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05404 | 53404 |
| 42 | रामपुरहाट-साहिबगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05405 | 53405 |
| 43 | साहिबगंज-रामपुरहाट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05406 | 53406 |
| 44 | जमालपुर-रामपुरहाट पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05408 | 53408 |
| 45 | बड़हरवा-साहिबगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05411 | 53411 |
| 46 | साहिबगंज-बड़हरवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05412 | 53412 |
| 47 | साहिबगंज-जमालपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05415 | 53415 |
| 48 | जमालपुर-साहिबगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05416 | 53416 |
| 49 | आजिमगंज-बड़हरवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05433 | 53433 |
| 50 | बड़हरवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05434 | 53434 |
| 51 | कटवा-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05435 | 53435 |
| 52 | आजिमगंज-कटवा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 05436 | 53436 |
| 53 | जमालपुर-किऊल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03477 | 53479 |
| 54 | किऊल-जमालपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03478 | 53480 |
| 55 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03461 | 53481 |
| 56 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03468 | 53482 |
| 57 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03463 | 53483 |
| 58 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03462 | 53484 |
| 59 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03467 | 53485 |
| 60 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03464 | 53486 |
| 61 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03471 | 53487 |
| 62 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03472 | 53488 |
| 63 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03495 | 53489 |
| 64 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03496 | 53490 |
| 65 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03491 | 53491 |
| 66 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03498 | 53492 |
| 67 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03493 | 53493 |
| 68 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03492 | 53494 |
| 69 | तीनपहाड़-राजमहल पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03497 | 53495 |
| 70 | राजमहल-तीनपहाड़ पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03494 | 53496 |
| 71 | मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03521 | 53511 |
| 72 | गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03522 | 53512 |
| 73 | मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03523 | 53513 |
| 74 | गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03524 | 53514 |
| 75 | मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | गुरुवार छोड़कर | 03603 | 53515 |
| 76 | गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | गुरुवार छोड़कर | 03604 | 53516 |
| 77 | मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03525 | 53517 |
| 78 | गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03526 | 53518 |
| 79 | मधुपुर-गिरिडीह पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03527 | 53519 |
| 80 | गिरिडीह-मधुपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03528 | 53520 |
| 81 | आजिमगंज-कृष्णनगर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03020 | 53092 |
| 82 | कृष्णनगर-आजिमगंज पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | प्रतिदिन | 03019 | 53091 |
| 83 | देवघर-जमालपुर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | रविवार छोड़कर | 03633 | 53441 |
| 84 | जमालपुर-देवघर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | रविवार छोड़कर | 03634 | 53442 |
| 85 | देवघर-गोड्डा पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | रविवार छोड़कर | 03786 | 53444 |
| 86 | गोड्डा-देवघर पैसेंजर | कॉन्वेंशनल | रविवार छोड़कर | 03785 | 53443 |

अगले पृष्ठ पर जारी

# भारतीय महिला टीम ने वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराया, श्रृंखला 3–0 से जीती




**वडोदरा :** सीनियर ऑफ स्पिनर दीप्ति शर्मा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी करते हुए 31 रन देकर छह विकेट चटकाए और फिर बल्ले से भी योगदान दिया जिससे भारत ने शुक्रवार को यहां तीसरे और अंतिम महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में वेस्टइंडीज को पांच विकेट से हराकर 3–0 से क्लीन स्वीप किया। दीप्ति के शानदार प्रदर्शन और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर (29 रन देकर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी से भारत ने वेस्टइंडीज को 162 रन पर समेट दिया। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम शीर्ष क्रम के चरमराने के बावजूद 28.2 ओवर में जीत दर्ज करने में सफल रही। भारत ने 73 रन के स्कोर पर चार विकेट खो दिये थे लेकिन दीप्ति (48 गेंद में नाबाद 39 रन) के अनुभव के बूते टीम 21 ओवर पहले लक्ष्य तक पहुंच गई। विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष 11 गेंद में 23 रन बनाकर नाबाद रहीं। पिछले मैच की शतकवीर हरलीन देओल (01) के आउट होने के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 23 रन था लेकिन कप्तान हरमनप्रीत कौर ने एफी फ्लेचर की गेंद पर आउट होने से पहले 22 गेंद में 32 रन की पारी खेली। अपनी पारी के दौरान हरमनप्रीत ने सात चौके जमाये और एक बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में आउट हो गईं। फॉर्म में चल रही उप कप्तान स्मृति मंधाना (4) जल्दी आउट हो गईं जिन्हें अश्मिनी मुनिसार ने आलिया एलेने की गेंद पर एक हाथ से कैच लेकर आउट किया। वहीं देओल भी डियांड्रा डॉटिन की ऑफ स्टंप के बाहर जाती गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर शेमेन कैंपबेल को कैच देकर पवेलियन पहुंच गईं। मध्यक्रम बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स ने 45 गेंद में 29 रन की पारी खेली। इससे पहले भारतीय तेज गेंदबाज रेणुका ने कहर बरपाते प्रारंभिक स्पैल से वेस्टइंडीज की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी जिसके बाद दीप्ति ने कैरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर मेहमान टीम को 162 रन पर आउट कर दिया।

# ऑस्ट्रेलिया के 474 रन के जवाब में भारत ने 164 रन पर पांच विकेट गंवाये




**मेलबर्न :** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन का खेल खत्म हो चुका है। दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का यह चौथा टेस्ट है। फिलहाल सीरीज 1–1 से बराबर है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने के लिहाज से अगले दोनों टेस्ट महत्वपूर्ण हैं। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। शुक्रवार को दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए। जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 164 रन पर पांच विकेट गंवा दिए हैं। भारत ने दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट गंवाकर 164 रन बना लिए हैं। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 474 रन बनाए थे। इस लिहाज से भारत अभी भी 310 रन पीछे है। दूसरा दिन पूरी तरह से ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। कंगारू तीनों सत्र में भारतीय टीम पर हावी रहे। आखिरी सत्र में भारत की बल्लेबाजी के समय एक वक्त स्कोर दो विकेट पर 153 रन था। इसके बाद छह रन बनाने में ही टीम इंडिया ने तीन और विकेट गंवा दिए।

पिछले पृष्ठ से आगे



## पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें (डीईएमयू)

| क्र.सं. | ट्रेन का मूल नाम | प्रकार | यात्रा के दिन | स्पेशल सं. | ट्रेन की मूल सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | साहिबगंज-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03037 | 73419 |
| 2 | भागलपुर-साहिबगंज डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03038 | 73420 |
| 3 | भागलपुर-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03459 | 73435 |
| 4 | जमालपुर-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03460 | 73436 |
| 5 | गोड्डा-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03481 | 73401 |
| 6 | भागलपुर-गोड्डा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03482 | 73402 |
| 7 | गोड्डा-हंसडीहा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03485 | 73411 |
| 8 | हंसडीहा-गोड्डा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03486 | 73412 |
| 9 | जमालपुर-किऊल डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03487 | 73421 |
| 10 | किऊल-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03488 | 73422 |
| 11 | जमालपुर-किऊल डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03479 | 73425 |
| 12 | किऊल-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03480 | 73426 |
| 13 | जमालपुर-किऊल डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03427 | 73427 |
| 14 | किऊल-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03428 | 73428 |
| 15 | भागलपुर-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03405 | 73429 |
| 16 | जमालपुर-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03406 | 73430 |
| 17 | हंसडीहा-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03441 | 73441 |
| 18 | भागलपुर-हंसडीहा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03442 | 73442 |
| 19 | हंसडीहा-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03443 | 73443 |
| 20 | भागलपुर-हंसडीहा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03444 | 73444 |
| 21 | हंसडीहा-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03445 | 73445 |
| 22 | भागलपुर-हंसडीहा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03446 | 73446 |
| 23 | बांका-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03447 | 73447 |
| 24 | भागलपुर-बांका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03448 | 73448 |
| 25 | बांका-भागलपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03449 | 73449 |
| 26 | भागलपुर-बांका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03452 | 73450 |
| 27 | तिलरथ-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03451 | 73451 |
| 28 | जमालपुर-तिलरथ डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03450 | 73452 |
| 29 | तिलरथ-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03453 | 73453 |
| 30 | जमालपुर-तिलरथ डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03454 | 73454 |
| 31 | मानसी-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03473 | 73461 |
| 32 | जमालपुर-मानसी डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03474 | 73462 |
| 33 | खगड़िया-जमालपुर डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03475 | 73463 |
| 34 | जमालपुर-खगड़िया डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03476 | 73464 |
| 35 | दुमका-हंसडीहा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03457 | 73471 |
| 36 | हंसडीहा-दुमका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03458 | 73472 |
| 37 | दुमका-जसीडीह डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03781 | 73481 |
| 38 | जसीडीह-दुमका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03782 | 73482 |
| 39 | दुमका-जसीडीह डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03783 | 73483 |
| 40 | जसीडीह-दुमका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03784 | 73484 |
| 41 | दुमका-गोड्डा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03455 | 73491 |
| 42 | गोड्डा-दुमका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03456 | 73492 |
| 43 | दुमका-गोड्डा डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03489 | 73493 |
| 44 | गोड्डा-दुमका डीईएमयू पैसेंजर | डीईएमयू | प्रतिदिन | 03490 | 73494 |

## पूर्व रेलवे के क्षेत्राधिकार में चलने वाली पैसेंजर ट्रेनें (एमईएमयू)

| क्र.सं. | ट्रेन का मूल नाम | प्रकार | यात्रा के दिन | स्पेशल सं. | ट्रेन की मूल सं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03080 | 63068 |
| 2 | बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03079 | 63069 |
| 3 | रामपुरहाट-साहिबगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03407 | 63073 |
| 4 | साहिबगंज-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03408 | 63074 |
| 5 | रामपुरहाट-बड़हरवा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03411 | 63075 |
| 6 | बड़हरवा-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03412 | 63076 |
| 7 | रामपुरहाट-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03081 | 63081 |
| 8 | जसीडीह-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03082 | 63082 |
| 9 | कटवा-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03067 | 63007 |
| 10 | आजिमगंज-कटवा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03068 | 63010 |
| 11 | बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03073 | 63011 |
| 12 | रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03074 | 63012 |
| 13 | कटवा-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03075 | 63019 |
| 14 | आजिमगंज-कटवा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03076 | 63020 |
| 15 | आजिमगंज-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03077 | 63021 |
| 16 | रामपुरहाट-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03078 | 63022 |
| 17 | रामपुरहाट-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03094 | 63026 |
| 18 | कटवा-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03095 | 63031 |
| 19 | आजिमगंज-कटवा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03062 | 63032 |
| 20 | नलहाटी-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03085 | 63033 |
| 21 | आजिमगंज-नलहाटी एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03086 | 63034 |
| 22 | कटवा-अहमदपुर एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03099 | 63039 |
| 23 | अहमदपुर-कटवा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03100 | 63040 |
| 24 | आजिमगंज-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03087 | 63051 |
| 25 | रामपुरहाट-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03088 | 63052 |
| 26 | कोलकाता-लालगोला एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03193 | 63101 |
| 27 | लालगोला-कोलकाता एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03194 | 63102 |
| 28 | सियालदह-लालगोला एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03195 | 63103 |
| 29 | लालगोला-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03196 | 63104 |
| 30 | सियालदह-लालगोला एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03197 | 63105 |
| 31 | लालगोला-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03198 | 63106 |
| 32 | सियालदह-लालगोला एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03115 | 63107 |
| 33 | लालगोला-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03116 | 63108 |
| 34 | सियालदह-रानाघाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03139 | 63111 |
| 35 | रानाघाट-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03140 | 63112 |
| 36 | रानाघाट-लालगोला एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03143 | 63133 |
| 37 | लालगोला-रानाघाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03144 | 63134 |
| 38 | सियालदह-गोड्डा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03111 | 63141 |
| 39 | गोड्डा-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03112 | 63142 |
| 40 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03651 | 63151 |
| 41 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03561 | 63153 |
| 42 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03564 | 63154 |
| 43 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03565 | 63155 |
| 44 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03566 | 63156 |
| 45 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03657 | 63157 |
| 46 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03658 | 63158 |
| 47 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03659 | 63159 |
| 48 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03660 | 63160 |
| 49 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03661 | 63161 |
| 50 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03662 | 63162 |
| 51 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03663 | 63163 |
| 52 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03664 | 63164 |
| 53 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03665 | 63165 |
| 54 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03666 | 63166 |
| 55 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03567 | 63167 |
| 56 | बैद्यनाथधाम-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03568 | 63168 |
| 57 | जसीडीह-बैद्यनाथधाम एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03569 | 63169 |
| 58 | जमालपुर-किऊल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03433 | 63423 |
| 59 | किऊल-जमालपुर एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03434 | 63424 |
| 60 | साहिबगंज-जमालपुर एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03431 | 63431 |
| 61 | जमालपुर-साहिबगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03432 | 63432 |
| 62 | हावड़ा-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03051 | 63501 |
| 63 | बर्द्धमान-हावड़ा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03052 | 63502 |
| 64 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03529 | 63505 |
| 65 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03530 | 63506 |
| 66 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03531 | 63507 |
| 67 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03532 | 63508 |
| 68 | बर्द्धमान-झाझा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03533 | 63509 |
| 69 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03534 | 63512 |
| 70 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03535 | 63511 |
| 71 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03536 | 63514 |
| 72 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03513 | 63513 |
| 73 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03515 | 63515 |
| 74 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03516 | 63516 |
| 75 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03517 | 63517 |
| 76 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03518 | 63518 |
| 77 | बर्द्धमान-बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03519 | 63519 |
| 78 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03520 | 63522 |
| 79 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03537 | 63521 |
| 80 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03558 | 63524 |
| 81 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03547 | 63523 |
| 82 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03551 | 63525 |
| 83 | आसनसोल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03552 | 63526 |
| 84 | दुर्गापुर-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03609 | 63527 |
| 85 | आसनसोल-दुर्गापुर एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03610 | 63528 |
| 86 | अंडाल-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03559 | 63529 |
| 87 | रामपुरहाट-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03560 | 63530 |
| 88 | अंडाल-सैंथिया एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03577 | 63531 |
| 89 | सैंथिया-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03578 | 63532 |
| 90 | अंडाल-सैंथिया एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03579 | 63533 |
| 91 | सैंथिया-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03580 | 63534 |
| 92 | अंडाल-सैंथिया एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03583 | 63535 |
| 93 | सैंथिया-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03584 | 63536 |
| 94 | अंडाल-सैंथिया एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03585 | 63537 |
| 95 | सैंथिया-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03586 | 63538 |
| 96 | आसनसोल-एनएससी गोमोह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03541 | 63541 |
| 97 | एनएससी गोमोह-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03542 | 63542 |
| 98 | आसनसोल-एनएससी गोमोह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03543 | 63543 |
| 99 | एनएससी गोमोह-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03544 | 63544 |
| 100 | आसनसोल-बरकाकाना एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03555 | 63555 |
| 101 | बरकाकाना-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03556 | 63556 |
| 102 | बरकाकाना-बनारस एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03359 | 63557 |
| 103 | बनारस-बरकाकाना एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03360 | 63558 |
| 104 | आसनसोल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03681 | 63561 |
| 105 | बैद्यनाथधाम-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03562 | 63562 |
| 106 | आसनसोल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03563 | 63563 |
| 107 | जसीडीह-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03682 | 63564 |
| 108 | जसीडीह-झाझा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03769 | 63565 |
| 109 | झाझा-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03770 | 63566 |
| 110 | झाझा-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03676 | 63510 |
| 111 | आसनसोल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03677 | 63569 |
| 112 | बैद्यनाथधाम-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03678 | 63570 |
| 113 | जसीडीह-मोकामा एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03571 | 63571 |
| 114 | मोकामा-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03572 | 63572 |
| 115 | जसीडीह-किऊल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03573 | 63573 |
| 116 | किऊल-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03574 | 63574 |
| 117 | बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03587 | 63581 |
| 118 | रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03588 | 63582 |
| 119 | बर्द्धमान-रामपुरहाट एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03589 | 63583 |
| 120 | रामपुरहाट-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03590 | 63584 |
| 121 | बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | रविवार छोड़कर | 03591 | 63591 |
| 122 | आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | रविवार छोड़कर | 03592 | 63592 |
| 123 | पुरुलिया-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03593 | 63593 |
| 124 | आसनसोल-पुरुलिया एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03594 | 63594 |
| 125 | बोकारो स्टील सिटी-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03595 | 63520 |
| 126 | राँची-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03597 | 63597 |
| 127 | आसनसोल-राँची एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03598 | 63598 |
| 128 | बर्द्धमान-आसनसोल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03005 | 63549 |
| 129 | अंडाल-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03546 | 63550 |
| 130 | अंडाल-जसीडीह (वाया बाराबनी) एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | शनिवार छोड़कर | 03539 | 63545 |
| 131 | जसीडीह-अंडाल (वाया बाराबनी) एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | शनिवार छोड़कर | 03538 | 63546 |
| 132 | जसीडीह-बांका एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | शनिवार छोड़कर | 03581 | 63547 |
| 133 | बांका-जसीडीह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | शनिवार छोड़कर | 03582 | 63548 |
| 134 | बर्द्धमान-तीनपहाड़ एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03469 | 63063 |
| 135 | तीनपहाड़-बर्द्धमान एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03470 | 63064 |
| 136 | सियालदह-लालगोला एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03189 | 63177 |
| 137 | लालगोला-सियालदह एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03184 | 63176 |
| 138 | साहिबगंज-मालदा टाउन एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03767 | 63401 |
| 139 | मालदा टाउन-साहिबगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03768 | 63402 |
| 140 | आजिमगंज-काशिमबाजार एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03012 | 63042 |
| 141 | काशिमबाजार-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03011 | 63041 |
| 142 | आजिमगंज-काशिमबाजार एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03014 | 63046 |
| 143 | काशिमबाजार-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03013 | 63045 |
| 144 | आजिमगंज-काशिमबाजार एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03016 | 63058 |
| 145 | काशिमबाजार-आजिमगंज एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03015 | 63057 |
| 146 | आसनसोल-अंडाल एमईएमयू पैसेंजर | एमईएमयू | प्रतिदिन | 03152 | 63532 |

7) मेल/एक्सप्रेस तथा पैसेंजर ट्रेनों की समय-सूची में संशोधन किए गए हैं तथा उसे एनटीईएस पर अपडेट कर दिया गया है, जो दिनांक 01.01.2025 से प्रभावी होंगे।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# जब मनमोहन सिंह ने कहा था 'हजारों जवाबों से अच्छी हैं मेरी खामोशी, जो कई सवालों की आबरू ढक लेती है..



नयी दिल्ली : संयमित और शांत स्वभाव के नेता, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को उर्दू शेरो-शायरी में गहरी रुचि थी और लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता सुषमा स्वराज के साथ उनकी ये शायराना नोकझोंक सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली संसदीय बहसों में शुमार की जाती है। 2011 में संसद में एक तीखी बहस के दौरान लोकसभा में विपक्ष की नेता सुषमा ने भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी प्रधानमंत्री सिंह के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधने के लिए वाराणसी में जन्मे शायर शहाब जाफरी के 'शेर' का सहारा लिया था। उन्होंने बहस के दौरान शेर पढ़ते हुए कहा: ''तू इधर उधर की न बात कर, ये बता कि काफिला क्यों लुटा; हमें रहजनों से गिला नहीं, तेरी रहबरी का सवाल है।'' सिंह ने सुषमा के शेर का तल्ख भरे अंदाज में जवाब देने के बजाय अपने शांत लहजे में बड़ी विनम्रता से अल्लामा इकबाल का शेर पढ़ा जिससे सदन में पैदा सारा तनाव ही खत्म हो गया। उन्होंने शेर कहा: ''माना कि तेरी दीद के काबिल नहीं हूं मैं, तू मेरा शौक देख, मेरा इंतजार देख।'' साहित्य में रुचि रखने वाले दोनों नेताओं का 2013 में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बहस के दौरान एक बार फिर आमना सामना हुआ। सिंह ने सबसे पहले निशाना साधने के लिए मिर्जा गालिब का शेर चुना। उन्होंने कहा: ''हम को उनसे वफा की है उम्मीद, जो नहीं जानते वफा क्या है''। स्वराज ने अपनी अनोखी शैली में इसके जवाब में अधिक समकालीन बशीर बद्र का शेर चुना और कहा: ''कुछ तो मजबूरियां रही होंगी, यूं कोई बेवफा नहीं होता।'' जब संवाददाताओं ने उनकी सरकार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बारे में सिंह से सवाल पूछे थे तो उन्होंने इसी तरह के शायराना अंदाज में जवाब दिया था। उन्होंने कहा था: ''हजारों जवाबों से अच्छी है मेरी खामोशी, जो कई सवालों की आबरू ढक लेती है।'' भारत के आर्थिक सुधारों के जनक और राजनीति की मुश्किल भरी दुनिया में आम सहमति बनाने वाले डॉ. सिंह का बृहस्पतिवार देर रात दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे।

## मनमोहन का निधन व्यक्तिगत क्षति, वह मेरे मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक थे: सोनिया गांधी

कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन को शुक्रवार को अपने लिए बड़ी व्यक्तिगत क्षति करार दिया और कहा कि वह उनके लिए 'मित्र, दार्शनिक और मार्गदर्शक' थे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी के लोग और भारत के लोग हमेशा इस बात पर गर्व करेंगे तथा आभारी रहेंगे कि मनमोहन सिंह ऐसे नेता थे, जिनका भारत की प्रगति और विकास में योगदान अतुलनीय है। सोनिया गांधी ने शोक संदेश में कहा, ''डॉ. मनमोहन सिंह के निधन से हमने एक ऐसा नेता खो दिया है, जो ज्ञान, बड़प्पन और विनम्रता के प्रतीक थे, जिन्होंने पूरे दिल और दिमाग से हमारे देश की सेवा की। वह कांग्रेस पार्टी के लिए मार्गदर्शन करने वाले प्रकाशपुंज थे।''

## मनमोहन सिंह को बीएमडब्ल्यू से अधिक अपनी मारुति-800 पसंद थी

प्रधानमंत्री रहते हुए मनमोहन सिंह को बीएमडब्ल्यू के बजाय अपनी मारुति-800 कार पसंद थी क्योंकि वह इस कार के जरिए मध्यम वर्ग से जुड़ाव महसूस करते थे। ये बातें उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने मनमोहन सिंह के साथ अपनी पुरानी यादें ताजा करते हुए एक पोस्ट में कहीं। नयी दिल्ली स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में बृहस्पतिवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन होने के बाद असीम अरुण ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैं 2004 से लगभग तीन साल तक उनका अंगरक्षक (बॉडी गार्ड) रहा।'' उन्होंने आगे लिखा, एसपीजी में प्रधानमंत्री की सुरक्षा का सबसे अंदरुनी घेरा होता है- क्लोज प्रोटेक्शन टीम(सीपीटी), जिसका नेतृत्व करने का अवसर मुझे मिला था। एआईजी सीपीटी के रूप में, मेरी जिम्मेदारी हर समय प्रधानमंत्री के साथ उनकी छाया की तरह रहना था। अगर केवल एक अंगरक्षक उनके साथ रह सकता था, तो वह मैं ही था।'' उन्होंने कहा कि डॉ. साहब की अपनी एक ही कार थी- मारुति 800, जो प्रधानमंत्री आवास में चमचमाती काली बीएमडब्ल्यू के पीछे खड़ी रहती थी।

## मनमोहन को कैम्ब्रिज में आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा था, कई बार केवल चॉकलेट खाकर करते थे गुजारा

नयी दिल्ली : कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में 1950 के दशक के मध्य में छात्रवृत्ति पर पढ़ाई करते समय मनमोहन सिंह को भारी आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता था और कई बार ऐसा भी हुआ जब वह भोजन नहीं कर सके या कैडबरी की छह पेंस की चॉकलेट खाकर गुजारा करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पुत्री दमन सिंह ने अपनी पुस्तक में यह जानकारी साझा की है। सिंह ने 1957 में कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी की ऑनर्स डिग्री हासिल की थी। दमन सिंह ने 2014 में हार्पर कॉलिन्स से प्रकाशित पुस्तक ''स्ट्रिक्टली पर्सनल: मनमोहन एंड गुरशरण'' में अपने माता-पिता की कहानी बताई है। दमन ने अपनी पुस्तक में यह भी बताया कि उनके पिता गांव में गुजारे गए अपने शुरुआती दिनों के कठिन जीवन के बारे में भी अक्सर बात करते थे। कैम्ब्रिज में अपने पिता के दिनों के बारे में लिखते हुए दमन ने कहा कि पैसा ही एकमात्र वास्तविक समस्या थी जो मनमोहन सिंह को परेशान करती थी क्योंकि उनके ट्यूशन और रहने का खर्च लगभग 600 पाउंड प्रति वर्ष था, जबकि पंजाब विश्वविद्यालय की छात्रवृत्ति से उन्हें लगभग 160 पाउंड मिलते थे। उन्होंने लिखा, ''बाकी की राशि के लिए सिंह को अपने पिता पर निर्भर रहना पड़ता था। मनमोहन बहुत ही किफायत से जीवन व्यतीत करते थे। कैंटीन में सब्सिडी वाला भोजन दो शिलिंग छह पेंस में अपेक्षाकृत सस्ता था। वह कभी बाहर खाना नहीं खाते थे।''

## मनमोहन सिंह भ्रष्टाचार के खिलाफ थे : अन्ना हजारे

मुंबई : भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चलाने वाले कार्यकर्ता अन्ना हजारे ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने हमेशा देश और समाज के कल्याण को प्राथमिकता दी। हजारे ने 2010 के दशक की शुरुआत में सिंह के कार्यकाल के दौरान भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने आंदोलन को याद किया। अस्सी वर्षीय कार्यकर्ता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने उन्हें बातचीत के लिए आमंत्रित किया और त्वरित निर्णय लिए। हजारे ने महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में अपने पैतृक गांव रालेगण सिद्धि में 'पीटीआई-भाषा' से कहा, जो लोग जन्म लेते हैं, उन्हें मरना ही पड़ता है, लेकिन कुछ लोग यादें और अपनी विरासत पीछे छोड़ जाते हैं। सिंह ने देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी।

## भारत के लिए मनमोहन सिंह का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा: आरएसएस

नयी दिल्ली : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि भारत के लिए उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। सरसंघचालक मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक संयुक्त बयान में कहा, ''भारत के पूर्व प्रधानमंत्री तथा देश के वरिष्ठ नेता डॉ. सरदार मनमोहन सिंह के निधन से समूचा देश अत्यंत दुःख का अनुभव कर रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उनके परिवार तथा असंख्य प्रियजनों को गहरी संवेदना व्यक्त करता है।'' बयान में कहा गया कि मनमोहन सिंह ने सामान्य पृष्ठभूमि से आकर भी देश के सर्वोच्च पद को सुशोभित किया।

## अमेरिका, रूस, चीन के राजदूतों ने मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया

नयी दिल्ली : रूस, चीन और अमेरिका समेत कई देशों के राजदूतों ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को शोक जताया और उन्हें एक 'उत्कृष्ट नेता' बताया। राजदूतों ने भारत की प्रगति के प्रति मनमोहन सिंह की प्रतिबद्धता की सराहना की। भारत में फ्रांसीसी दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व ने 'भारत की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया और फ्रांस के साथ संबंधों को मजबूत किया'। भारत में आर्थिक सुधारों के सूत्रधार सिंह का बृहस्पतिवार रात को यहां निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के लिए विश्व स्तर पर सम्मानित सिंह के निधन पर कई देशों के राजदूतों ने दुख जताया। भारत में रूसी राजदूत डेनिस अलीपोव ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, यह भारत और रूस के लिए बहुत दुख और शोक का क्षण है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### भारत-नेपाल सीमा पर 60 लाख रुपये मूल्य की चरस बरामद, एक महिला गिरफ्तार

बहराइच (उप्र) : भारत-नेपाल सीमा के पास बहराइच जिले की रुपईडीहा पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की साझा टीम ने एक महिला को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से 2 किलो 300 ग्राम चरस बरामद की। पुलिस और एसएसबी के अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में चरस की कीमत 60 लाख रुपये आंकी गयी है। एसएसबी की 42वीं बटालियन के उप सेनानायक दिलीप कुमार ने शुक्रवार को 'पीटीआई-भाषा' से बताया कि खुफिया सूचना मिलने पर एसएसबी और उत्तर प्रदेश पुलिस के एक संयुक्त दल ने बृहस्पतिवार शाम रुपईडीहा स्थित एकीकृत जांच चौकी पर एक नेपाली महिला की तलाशी ली। उन्होंने कहा कि महिला के पास से 2 किलो 300 ग्राम चरस बरामद किया गया, जो महिला ने अपनी कमर पर लिपटे तीन छोटे छोटे बैग में छिपा रखा था।

### बिजनौर में सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत

बिजनौर (उप्र) : एकमात्र संतान की बीमारी के कारण पति-पत्नी के बीच सुलह तो हो गई, लेकिन कुदरत को कुछ और मंजूर था। तीनों की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। थाना प्रभारी किरतपुर राकेश कुमार ने बताया कि गांव डबासोवाला उमरी निवासी रवींद्र (35) अपनी पत्नी शीतल (30) और छह साल की इकलौती बेटी आयुषी के साथ बृहस्पतिवार शाम मोटरसाइकिल से किरतपुर से बिजनौर जा रहे थे। उन्होंने बताया कि गांव बूढ़पुर नैन सिंह के पास सामने से आ रही वैन का टायर फट गया जिससे वैन अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से टकरा गई। इलाज के दौरान तीनों की मौत हो गई। रवींद्र अपनी बेटी के लिए दवा लेने जा रहा था।

### ईडी ने बिहार रेत खनन मामले में छापेमारी की

पटना : प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित अवैध रेत खनन मामले में धनशोधन की जांच के तहत पटना और कुछ अन्य स्थानों पर राजनीति से जुड़े कुछ लोगों के परिसरों पर शुक्रवार को छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि पटना में दो-तीन और बेंगलुरु में एक परिसर पर छापा मारा गया। सूत्रों ने कहा कि कार्रवाई हुलास पांडे नामक व्यक्ति और कुछ अन्य के खिलाफ की जा रही है।

## संस्कृति 2024: भारत ने विश्व धरोहर समिति के सत्र की मेजबानी की, नए राष्ट्रीय संग्रहालय के लिए समझौता

नयी दिल्ली : भारत ने वर्ष 2024 में पहली बार विश्व धरोहर समिति के सत्र की मेजबानी की जिसमें असम के अहोम राजवंश की माउंड-दफन प्रणाली (टीलेनुमा संरचना में दफनाने की व्यवस्था)को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया, जबकि साल के अंत में ब्रिटिश युग के 'नॉर्थ ब्लॉक' और 'साउथ ब्लॉक' को भव्य संग्रहालय में बदलने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। यह संस्कृति मंत्रालय के लिए घटनाओं से भरा वर्ष रहा जिसने अब अपनी नजरें प्रयागराज में आगामी महाकुंभ पर टिका दी हैं। मंत्रालय ने देश की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने के लिए 2025 की शुरुआत में



महाकुंभ में एक 'थिमेटिक' गांव 'कलाग्राम' स्थापित करने की योजना बनाई है। इस वर्ष मंत्रालय के शीर्ष नेतृत्व में कुछ बड़े बदलाव भी देखे गए। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गजेंद्र सिंह शेखावत ने 2024 के लोकसभा चुनाव के बाद केंद्रीय संस्कृति मंत्री के रूप में कार्यभार संभाला, इसके पहले जी किशन रेड्डी के पास यह मंत्रालय था। भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी गोविंद मोहन, जो पहले केंद्रीय संस्कृति सचिव के रूप में कार्यरत थे, को केंद्रीय गृह सचिव नियुक्त किए जाने के बाद आईएएस अरुणीश चावला को अगस्त में मंत्रालय में सचिव पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया। वर्ष 2024 भारत के सांस्कृतिक इतिहास में मील के पत्थर के रूप में रहा, क्योंकि 22 जनवरी को उत्तर प्रदेश के अयोध्या में बने नए राम मंदिर में भव्य 'प्राण प्रतिष्ठा' कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।

## मुरादाबाद में मेले से लापता हुई महिला 49 साल बाद परिजनों से मिली

आजमगढ़ (उप्र) : आजमगढ़ पुलिस ने मुरादाबाद के एक मेले में 49 साल पहले लापता हुई एक महिला को उसके परिवार से फिर से मिलाया है। लापता होने के समय उसकी उम्र महज आठ साल थी। पुलिस अधीक्षक (एसपी) हेमराज मीना द्वारा जिले में चलाये जा रहे आपरेशन 'मुस्कान' के तहत इस महिला को उसके परिजनों से मिलाया गया है। इस अभियान के तहत अपहृत और गुमशुदा लोगों की बरामदगी की जाती है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 19 दिसंबर, 2024 को रामपुर जनपद के प्राथमिक विद्यालय पजावा बिलासपुर की महिला शिक्षक डॉक्टर पूजा रानी ने अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र लाल से संपर्क किया था और सूचना दी थी कि फूलमति उर्फ फूला देवी (57) नाम की महिला 1975 में अपनी मां श्यामादेई के साथ मुरादाबाद गई थी। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद बाजार में एक बूढ़ा व्यक्ति उसे लालच देकर अपने साथ लेकर चला गया जहां उसने फूलमति को कुछ दिन अपने साथ रखा। इसके बाद फिर उसे रामपुर के भोंट थाना क्षेत्र के रायपुर गांव निवासी लालता प्रसाद गंगवार के हाथों बेच दिया। लालता प्रसाद ने फूलमति से शादी की जिनसे उन्हें एक पुत्र हुआ जिसका नाम सोमपाल (34) है। फूलमति अपना परिवार तलाश रही है और जिला आजमगढ़ का नाम ले रही है।

## अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला को वापस भेजा गया : पुलिस

नयी दिल्ली : दिल्ली पुलिस ने पिछले छह साल से राष्ट्रीय राजधानी में अवैध रूप से रह रही एक बांग्लादेशी महिला को वापस उसके देश भेज दिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण पश्चिम) सुरेंद्र चौधरी ने बताया, ''राष्ट्रीय राजधानी में रह रहे अवैध अप्रवासियों की जांच के हमारे विशेष अभियान के दौरान हमें 28 वर्षीय महिला के बारे में पता चला। वह विदेशी अधिनियम का उल्लंघन करते हुए मुंबई और दिल्ली में रह रही थी।'' अधिकारी ने कहा कि महिला बांग्लादेश के नरैल सदर उपजिला के सिंगशोलपुर गांव की रहने वाली है और वह बिना किसी जरूरी दस्तावेज के भारत में रह रही थी। उसकी पहचान करने और उसे निर्वासित करने का अभियान दिल्ली पुलिस की स्वापक नियंत्रण रोधी इकाई द्वारा चलाया गया। दिल्ली पुलिस ने पहले राष्ट्रीय राजधानी में एक अभियान के दौरान 1,500 से अधिक बांग्लादेशी अप्रवासियों की पहचान की थी और दक्षिण-पूर्व जिला पुलिस ने अवैध रूप से रहने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया था। उपराज्यपाल सचिवालय द्वारा हाल में बांग्लादेशी अप्रवासियों के खिलाफ अभियान का आदेश देने के बाद दिल्ली में अवैध बांग्लादेशी अप्रवासियों की पहचान करने की मुहिम शुरू की गई थी। राष्ट्रीय राजधानी के 15 जिलों में थानों से कई टीम ने संदिग्ध बांग्लादेशी अप्रवासियों की पहचान के लिए मतदाता पहचान पत्र और आधार कार्ड की जांच को लेकर दिल्ली में झुग्गी झोपड़ी वाले इलाकों और कालिंदी कुंज, शाहीन बाग, हजरत निजामुद्दीन एवं जामिया नगर का दौरा किया था।

## आरेडिका में राजभाषा विभाग द्वारा कामकाज में कृत्रिम मेधा (एआई) के प्रयोग पर कार्यशाला

रायबरेली , समाज्ञा : आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में शुक्रवार को राजभाषा विभाग द्वारा कामकाज में कृत्रिम मेधा के प्रयोग पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत रेलवे कर्मचारियों को कामकाज में कृत्रिम मेधा के उपयोग को बढावा देने के उद्देश्य से मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी रूपेश श्रीवास्तव के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने कार्यालयीन कामकाज में आईटी टूल्स और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग करने के बारे में जानकारी प्राप्त की। कार्यशाला में इंडियन ओवरसीज बैंक लखनऊ



के प्रबंधक (राजभाषा) आदर्श गुप्ता ने प्रतिभागियों को गूगल लेंस, गूगल एपस् चेटजीपीटी, आदि आईटी टूल्स और आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग करने के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि हम किस प्रकार इन टूल्स का प्रयोग पत्र लेखन, अनुवाद करने, पीडीएफ बनाने, किसी भी भाषा को पढ़ने एवं समझने में कर सकते हैं। इस कार्यशाला में आरेडिका के एसडीजीएम अकमल बदूद, डीजीएम रौनक गुप्ता, अन्य अधिकारी और कर्मचारी सहित नराकास रायबरेली सदस्य उपस्थित रहे।

## तमिलनाडु में छात्रा यौन उत्पीड़न : प्रदेश भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने खुद को कोड़े मार कर जताया विरोध

कोयंबटूर (तमिलनाडु) : भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की तमिलनाडु इकाई के प्रमुख के अन्नामलाई ने, चेन्नई में क्रिसमस की पूर्व संध्या पर अन्ना विश्वविद्यालय की एक छात्रा के साथ हुए कथित यौन उत्पीड़न को लेकर शुक्रवार को खुद को कोड़े मारकर विरोध जताया। हरे रंग की धोती पहने अन्नामलाई ने अपने आवास के सामने अपनी पार्टी के कार्यकर्ता से कोड़ा लेकर उससे कई बार खुद पर वार किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ता उनके आसपास खड़े होकर महिला की शिकायत से संबंधित प्राथमिकी के कथित तौर पर लीक होने के लिए पुलिस की निंदा करते हुए तख्तियां दिखा रहे थे। बृहस्पतिवार को अन्नामलाई ने एक संवाददाता सम्मेलन में नाटकीय ढंग से अपने जूते उतार दिए और



घोषणा की कि जब तक सत्तारूढ़ द्रमुक सरकार नहीं गिर जाती, तब तक वह जूते नहीं पहनेंगे। पूर्व आईपीएस अधिकारी ने राज्य पुलिस पर कथित यौन उत्पीड़न की पीड़ित छात्रा की पहचान जानबूझकर उजागर करने का आरोप लगाया। राज्य के प्रमुख तकनीकी विश्वविद्यालय अन्ना विश्वविद्यालय के अंदर हुई इस घटना के सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

## मणिपुर के इंफाल ईस्ट में गोलीबारी और बमबारी; लोगों में दहशत

इंफाल : मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले के दो गांवों में शुक्रवार को पहाड़ी क्षेत्र के हथियारबंद लोगों ने गोलीबारी और बमबारी शुरू कर दी और इस हमले से स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सनसाबी और थमनापोकपी गांवों में हुए हमलों में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई से दोनों गांवों में भारी गोलीबारी हुई। अधिकारी ने बताया, ''पहाड़ी से हथियारबंद लोगों ने सुबह करीब 10 बजकर 45 मिनट पर सनसाबी गांव और आस-पास के इलाकों में अंधाधुंध गोलीबारी और बमबारी करना शुरू कर दिया, जिसके कारण सुरक्षाकर्मियों को जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।''

## संभल में शाही जामा मस्जिद के सामने बनेगी पुलिस चौकी

संभल (उप्र) : संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद पुलिस प्रशासन ने कड़े कदम उठाते हुए कोट पूर्वी मोहल्ले में स्थित शाही जामा मस्जिद के सामने नयी चौकी बनाने का फैसला लिया है, जिसके तहत जमीन की नपाई काम काम शुरू हो गया है। अपर पुलिस अधीक्षक श्रीश चंद्र ने यह जानकारी दी। हालांकि चौकी का नाम क्या होगा इसे लेकर उन्होंने अभी कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। संभल में सुरक्षा की दृष्टि से नयी पुलिस चौकी का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जहां 24 घंटे पुलिस तैनात रहेगी। उल्लेखनीय है कि 24 नवंबर को शाही मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

## न्यूज अपडेट

### असम के धुबरी में एसटीएफ ने संदिग्ध आतंकवादी को पकड़ा

गुवाहाटी : असम पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने शुक्रवार को धुबरी जिले से एक आतंकी नेटवर्क के एक संदिग्ध सदस्य को पकड़ने में सफलता हासिल की। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आतंकवादियों के खिलाफ जारी 'ऑपरेशन प्रघात' के तहत की गई। उन्होंने कहा कि राज्य में दर्ज एक मामले की जांच के सिलसिले में जिले के बिलासीपारा क्षेत्र के बंधबपाड़ा में छापेमारी की गई। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान एक वांछित राष्ट्र-विरोधी व्यक्ति को पकड़ा गया और उसके कब्जे से विभिन्न दस्तावेज तथा सामान बरामद किया गया। पकड़े गए व्यक्ति की पहचान 36 वर्षीय शाहीनूर इस्लाम के रूप में हुई है। इससे पहले, 25 दिसंबर को कोकराझार जिले के नामापाड़ा इलाके से एक आतंकी नेटवर्क के दो संदिग्ध सदस्यों को पकड़ा गया था और उनके पास से भारी मात्रा में हथियार तथा गोला-बारूद बरामद हुआ था।


### कश्मीर: 'रोपवे' परियोजना के खिलाफ कटरा में तीसरे दिन भी रहा बंद, भूख हड़ताल में और लोग जुड़े

रियासी/जम्मू : जम्मू कश्मीर में वैष्णो देवी तीर्थयात्रा के आधार शिविर कटरा में प्रस्तावित 'रोपवे' परियोजना के खिलाफ शुक्रवार को तीसरे दिन भी बंद जारी रहा तथा प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए लोगों की रिहाई की मांग को लेकर और अधिक आंदोलनकारी भूख हड़ताल पर बैठ गए। श्री माता वैष्णो देवी संघर्ष समिति ने 72 घंटे के बंद का आह्वान किया है, जो बुधवार से शुरू हुआ। समिति ने घोषणा की है कि इस दौरान कटरा में सभी गतिविधियां निलंबित रहेंगी। महिलाएं और बच्चे भी अब उन प्रदर्शनकारियों के साथ शामिल हो गए हैं, जिन्होंने बुधवार रात को भूख हड़ताल शुरू की थी। वे परियोजना के खिलाफ पूर्व में विरोध मार्च के दौरान हिरासत में लिए गए समिति के 18 सदस्यों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। पिछले महीने, श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने गुफा मंदिर तक 12 किलोमीटर लंबे रास्ते पर चलने में चुनौतियों का सामना करने वाले वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों और अन्य लोगों को मंदिर तक पहुंचाने में आसानी के लिए रोपवे शुरू करने का निर्णय लिया था।

### अगरतला पुस्तक मेला 2-14 जनवरी तक, बांग्लादेशी प्रकाशक भाग नहीं लेंगे

अगरतला : अगरतला पुस्तक मेला 2 से 14 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा लेकिन बांग्लादेश के प्रकाशक या पुस्तक विक्रेता इस आयोजन में भाग नहीं लेंगे। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। त्रिपुरा के मुख्यमंत्री माणिक साहा 2 जनवरी को पश्चिमी त्रिपुरा के बदरघाट मेला मैदान में 43वें 12 दिवसीय अगरतला पुस्तक मेले का उद्घाटन करेंगे। सूचना एवं सांस्कृतिक मामलों के निदेशक (आईसीए) बिम्बिसार भट्टाचार्य ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, पुस्तक मेले में स्टॉल वितरण के लिए लॉटरी शुक्रवार को निकाली जाएगी।

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक संपन्न



जबलपुर , समाज्ञा : नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कार्यालय-02 जबलपुर की 15वीं छःमाही बैठक शुक्रवार को समिति अध्यक्ष एवं प्रमुख मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर पश्चिम मध्य रेलवे श्री एकनाथ मोहकर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में मोहकर ने कहा कि जबलपुर नगर स्थित सभी केंद्रीय कार्यालय 'क' क्षेत्र के अंतर्गत आते हैं। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास करें। इस अवसर पर उपस्थित मनोज कुमार गुप्ता, मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे ने अपने संबोधन में कहा कि कार्यालयों में दैनिक सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रयोग-प्रसार में उत्तरोत्तर प्रगति हो रही है। राष्ट्रीय स्तर के कायक्रमों से राजभाषा प्रयोग-प्रसार को गति मिलेगी और राजभाषा कार्यान्वयन हेतु अनुकूल वातावरण तैयार होगा। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त कार्यालयों को बधाई दी। इस अवसर पर वार्षिक राजभाषा पत्रिका 'सरल' के पांचवे अंक का विमोचन किया गया। विभिन्न कार्यालयों को राजभाषा शील्ड, राजभाषा ट्रॉफी एवं पांच कार्यालयों को प्रमाण पत्र प्रदान भी किए गए।

